दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 337 | सीकर, मंगलवार 03 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## एक फोन कॉल और...
# झुक गया अमेरिका...
### ट्रंप ने घटाया भारत पर टैरिफ, पीएम मोदी के हुए मुरीद



# अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 25% से घटाकर 18% किया

नई दिल्ली।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने भारत पर लगा रेसिप्रोकल टैरिफ घटाने की घोषणा की है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर इसकी जानकारी दी। अब अमेरिका में निर्यात किए जाने वाले सामानों पर केवल 18 फीसदी टैरिफ लगेगा। ट्रंप ने कहा कि यूनाइटेड स्टेट्स कम रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएगा, इसे 25त्न से घटाकर 18त्न कर देगा। इसके पहले भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने जानकारी दी थी कि प्रधानमंत्री मोदी और डोनल्ड ट्रंप के बीच बातचीत हुई है। हालांकि तब सर्जियो गोर ने इस संबंध में किसी भी तरह की अतिरिक्त जानकारी नहीं दी थी। लेकिन इस पोस्ट की भाषा बता रही थी कि सर्जियो और अमेरिका किसी बात को लेकर बेहद उत्साहित हैं। अब ट्रंप के पोस्ट से सब कुछ स्पष्ट हो गया है।

**ट्रंप ने खुद दी जानकारी**–ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, आज सुबह भारत के प्रधानमंत्री मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। वह मेरे सबसे अच्छे दोस्तों में से एक हैं और अपने देश के एक शक्तिशाली और सम्मानित नेता हैं। हमने कई मुद्दों पर बात की, जिसमें ट्रेड, और रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को खत्म करना शामिल है। वह रूसी तेल खरीदना बंद करने और यूनाइटेड स्टेट्स और वेनेजुएला से बहुत ज्यादा खरीदने पर सहमत हुए।

### ट्रम्प बोले- भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और अमेरिका से खरीदेगा

**ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा- आज सुबह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं और अपने देश के एक मजबूत और सम्मानित नेता हैं। ट्रम्प ने लिखा- हमने कई मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने का विषय भी शामिल था। बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने सहमति जताई कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और अमेरिका से कहीं ज्यादा तेल खरीदेगा। इसके अलावा वेनेजुएला से तेल खरीदने की संभावना पर भी बात हुई। मेरा मानना है कि इससे यूक्रेन में चल रहा युद्ध खत्म करने में मदद मिलेगी, जहां हर हफ्ते हजारों लोगों की जान जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति आगे लिखा पीएम मोदी की दोस्ती और सम्मान में और उनके अनुरोध पर, हमने अमेरिका और भारत के बीच तुरंत एक व्यापार समझौते पर सहमति बनाई है। इसके तहत अमेरिका भारत पर लगाया जाने वाला रेसिप्रोकल टैरिफ 25% से घटाकर 18% करेगा। वहीं भारत भी अमेरिका के खिलाफ अपने टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को घटाकर शून्य करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने बाय अमेरिकन को लेकर भी बड़ी प्रतिबद्धता जताई है। इसके तहत भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर से ज्यादा के ऊर्जा, तकनीक, कृषि, कोयला और अन्य उत्पाद खरीदेगा। भारत के साथ हमारा रिश्ता आगे और मजबूत होगा। प्रधानमंत्री मोदी और मैं दोनों ऐसे लोग हैं जो काम करके दिखाते हैं। इस विषय पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।**

**ट्रम्प ने इंडिया गेट और मोदी के साथ फोटो शेयर किया**–ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल पर भारत से जुड़ी दो तस्वीरें पोस्ट की थी। एक में उन्होंने इंडिया गेट की फोटो शेयर की थी, जबकि दूसरे में पीएम मोदी के साथ एक मैगजीन का कवर शेयर किया था।

**इंडिया गेट खूबसूरत, हमारा सबसे बेहतर होगा**–ट्रम्प ने इंडिया गेट की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि भारत का ट्रायम्फल आर्च (इंडिया गेट) बहुत खूबसूरत है। हमारा वाला इन सबमें सबसे शानदार होगा!

दरअसल ट्रम्प राजधानी वाशिंगटन डीसी में अपने नाम से एक विशाल दरवाजा बनवाने का प्लान कर रहे हैं। इस स्मारक को 'आर्क डी ट्रम्प' नाम दिया गया है। इसका इस्तेमाल वर्जीनिया राज्य से राजधानी में प्रवेश के लिए किया जाएगा। इसका डिजाइन पेरिस के आर्क डी ट्रायम्फ से मिलता-जुलता है। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ महीने पहले सीएनएन को बताया था कि इस आर्क का आइडिया खुद ट्रम्प का था। ट्रम्प इस आर्क के डिजाइन बनाने की प्रक्रिया में भी शामिल रहे।

## स्वामी समाज का अधिवेशन आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के चुना चौक राणी सती रोड स्थित गौ सवर्धन संस्थान कार्यालय में झुंझुनू जिले का स्वामी समाज का अधिवेशन वैष्णव समाज से पूज्य जगत गुरु रामानन्दाचार्य पद प्रतिष्ठित पश्चिम पीठ शेष मठ पीठाधीश्वर वेदहि वलभ देवाचार्य महाराज जोधपुर, निम्बार्क रत्न पूज्य मनोहर शरण दास पलसाना, महंत चंद्रमा दास महाराज, पुजारी हनुमान गढ़ी अयोध्या अध्यक्ष राम गुरुकुलम सीकर, राम मूर्तिदास महाराज, महंत माधवदास महाराज नृसिंह पूरी के पावन सानिध्य में मनाया गया। वैष्णव समाज के दसवीं, बारहवीं के होनहार बच्चों एवं एमबीबीएस/आईआईटी में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सरकारी विभागों में चयनित समाज बंधुओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वैष्णव समाज के जगत गुरु श्री वेदहि वलभ देवाचार्य महाराज ने सनातन संस्कृति की रक्षा करने के लिए समाज को आह्वान किया। जिले में आयोजित इस अधिवेशन में चिड़ावा, सिंघाना, बगड़, नवलगढ़, मुकुंदगढ़, मंडावा के अलावा जिले से बाहर से भी अनेक समाज बंधुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीएम ज्योति बिश्नोई द्वारा समाज के युवाओं को गौ सवर्धन संस्थान की मुहिम एक युद्ध एक्सीडेंट के विरुद्ध थीम के तहत हेलमेट वितरित किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में झुंझुनू रोडवेज बस डिपो के चीफगिरिराज स्वामी, गौ संवर्धन संस्थान अध्यक्ष प्रवीण स्वामी, स्वामी समाज कार्यवाहक जिलाध्यक्ष आशुतोष स्वामी, संजय स्वामी, सुरेन्द्र स्वामी, हरीश स्वामी, कमल स्वामी, सुभाष स्वामी मनीष स्वामी, शैलेश स्वामी, दिलीप स्वामी, दीपक स्वामी, दिनेश स्वामी, चिरंजी लाल स्वामी, आशु स्वामी, मनोज स्वामी, मोहनलाल स्वामी जाखोद, सुभेसिंह स्वामी धीगडिया, सज्जन स्वामी ओजटू, निरंजन स्वामी ओजटू, रविसुत स्वामी, कृष्ण स्वामी पिलानी, आत्माराम स्वामी, संदीप स्वामी, अनिल स्वामी, युवराज स्वामी, आनंद स्वामी, कुलदीप स्वामी आदि स्वामी बंधु उपस्थित रहे।

## सात हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की सीकर टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए सीकर जिले की नीमकाथाना तहसील के पटवार हल्का भगेगा की महिला पटवारी सुमन कुमारी को सात हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता के अनुसार ब्यूरो की सीकर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पिता और चाचा का नाम जमाबंदी में दुरुस्त करने की एवज में महिला पटवारी सुमन कुमारी की आरे से सात हजार रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही है।

जिस पर एसीबी ने शिकायत के सत्यापन के बाद सीकर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय कुमार के निर्देशन में ट्रैप की कार्रवाई करते हुए महिला पटवारी सुमन कुमारी को सात हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा है।

## अंता प्रत्याशी मोरपाल सुमन को बीजेपी ने दिया नोटिस
### बिरला सहित विधायक और पदाधिकारियों पर चुनाव हराने का लगाया था आरोप



**जयपुर।** अंता उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे मोरपाल सुमन को बीजेपी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने को नोटिस देकर पूछा है- 'आपका कृत्य पार्टी अनुशासनहीनता की परिभाषा में आता है। इस कृत्य के लिए आपको कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है। आपको इस आरोप के उत्तर में कोई स्पष्टीकरण देना हो तो आज से तीन दिन के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर दें।' बता दें कि कुछ दिन पहले मोरपाल सुमन ने जिलाध्यक्ष, बारां को पत्र लिखकर अपनी हार की समीक्षा करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित जिले के तीन विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों पर चुनाव हराने का आरोप लगाया था। मोरपाल सुमन ने अपनी हार का कारण भीतरघात बताया था। उनका यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसमें उन्होंने लिखा था-ओम बिरला की पूरी टीम ने उनके विरोध में काम किया।

# नए बजटीय प्रावधानों और इंसेंटिव्स का लाभ लेने के लिए राजस्थान पूरी तरह तैयार - मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 साल से देश वित्तीय अनुशासन और स्थायित्व के साथ विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने रविवार को केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को आत्मनिर्भर से विकसित, संभावनाओं से उपलब्धियों और संकल्प से सिद्धि की ओर ले जाने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में नए भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ अंतिम व्यक्ति को आगे लाने की प्रतिबद्धता का भी पूरा ध्यान रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय बजट पर सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति केन्द्रित इस बजट में युवाओं के लिए रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप को बढ़ावा देने और सर्विस सेक्टर पर फोकस बढ़ाने वाले प्रावधान किए गए हैं, इससे युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। एक लाख एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल, 1 लाख 50 हजार केयर गिवर्स और टूरिस्ट गाइड्स को कौशल प्रशिक्षण से भी युवाओं को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एवीजीसीएक्सआर पॉलिसी पहले ही लागू की जा चुकी है। अब माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालयों में कंटेट क्रियेटर लैब्स की स्थापना से राजस्थान के युवाओं को दोहरा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण, सुरक्षा और आर्थिक भागीदारी को मजबूत करने, कृषि अवसंरचना एवं बाजार तक किसानों की पहुंच बढ़ाने और जोखिम घटाने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

हैवी मशीनरी निर्माण के लिए




### राजस्थान के सोलर सेक्टर को मिलेगी नई गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में राजस्थान की संभावनाओं और आवश्यकताओं को पूरा स्थान मिला है। अक्षय ऊर्जा के लिए 30 प्रतिशत ज्यादा करीब 32 हजार 914 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इसी प्रकार पीएम सूर्यघर योजना को 22 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। सोलर ग्लास मैन्युफेक्चरिंग में प्रयोग आने वाले सोडियम एंटीमोनेट के आयात पर कस्टम ड्यूटी में छूट दी गई है। बीईएसएस में उपयोग में आने वाले लीथियम आयन सेल बैटरी निर्माण में प्रयुक्त पूंजीगत सामानों के लिए कस्टम ड्यूटी में छूट दी गई है। राजस्थान सौर ऊर्जा में पहले से ही अग्रणी प्रदेश है, अब इन प्रावधानों से प्रदेश के सौर ऊर्जा क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

### सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर प्रावधानों से प्रदेश होगा लाभान्वित

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में सेमीकंडक्टर नीति, एआईएमएल नीति और डेटा सेंटर नीति लागू की हैं। इसलिए इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2 .0, एआई मिशन, नेशनल क्वांटम मिशन, इलेक्ट्रोनिक कम्पोनेन्ट मेनुफेक्चरिंग स्कीम, डेटा सेंटर और क्लाउड सर्विसेज को दिए गए इंसेंटिव्स का फायदा लेते हुए सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर हब बनने के लिए प्रदेश पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि एसएमई विकास निधि और आत्मनिर्भर भारत टॉपअप छोटे उद्योगों के लिए बड़ी सौगात हैं। महात्मा गांधी स्वराज योजना और चैम्पियन एमएसएमई बनाने की पहल से राजस्थान के छोटे उद्योगों के ग्लोबल बिजनेस हाउस बनने की राह प्रशस्त होगी। मेगा टैक्सटाइल पार्क, टेक्सटाइल लेबर इंसेंटिव स्कीम और देशभर में 200 इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स को फिर से मजबूत करने की घोषणा भी राजस्थान की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में अवसंरचना विकास पर विशेष जोर देते हुए 12 लाख 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे प्रदेश के शहरी ढांचे को मजबूत करने के लिए अधिक राशि मिल सकेगी।

## मनरेगा को बचाने के लिए पूरे राजस्थान में प्रदर्शन, स्टेज पर नाची महिलाएं, गीत गाए
## कहा- नया कानून लागू करना करोड़ों ग्रामीण मजदूरों के साथ विश्वासघात

जयपुर।

राजस्थान में आज त्नष्ट के विरोध, मनरेगा बचाओ, नरेगा कानून वापस लाओ और VB-GRAM-G बिल को रद्द करने की मांग को लेकर कांग्रेस और अलग-अलग संगठन प्रदर्शन कर रहे हैं। जयपुर में शहीद स्मारक पर धरने में VB-GRAM-G बिल को रद्द करने की मांग को लेकर प्रदेशभर से मजदूर, कामगार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान गीत गाकर और नाचकर विरोध जताया गया। जयपुर में सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय, निखिल डे, जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा, गोपाल शर्मा, पुष्पेंद्र भारद्वाज, अर्चना शर्मा, चाकसू से पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी सहित कई कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 1 घंटे बाद ही निकलते जयपुर शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष

इस दौरान जयपुर शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा 1 घंटे धरने में बैठने के बाद रवाना हो गए। उनके साथ अन्य नेता धरने से निकले। धरने के दौरान आयोजित मजदूर महापंचायत में निर्णय लिया गया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन को रद्द कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाए। यहां लोगों ने मंच से कहा कि दिसंबर 2025 में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को समाप्त कर नया कानून लागू करना करोड़ों ग्रामीण मजदूरों के साथ ऐतिहासिक विश्वासघात है। क्योंकि मनरेगा मजदूरों के लंबे संघर्ष से प्राप्त एक कानूनी अधिकार था।

### 'लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करता है नया बिल'

सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय ने कहा- VB-GRAM-G संविधान की आत्मा के खिलाफ है। मनरेगा ने पहली बार गांव के गरीब को राज्य से काम मांगने का अधिकार दिया था, लेकिन नया कानून उस अधिकार को छीनकर रोजगार को केंद्र सरकार की मर्जी पर निर्भर बना देता है। यह लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर कर केंद्रीकृत नियंत्रण को बढ़ावा देता है। निखिल डे ने कहा- यह कानून रोजगार की गारंटी नहीं, बल्कि मजदूरों की असुरक्षा की गारंटी है। काम, मजदूरी और योजना....तीनों को ग्राम सभा और राज्यों से छीनकर केंद्र सरकार के नियंत्रण में सौंप



दिया गया है। अब काम मांगना मजदूर का कानूनी अधिकार नहीं रहा, बल्कि रोजगार कब, कितना और किसे मिलेगा, यह केंद्र द्वारा तय किया जाएगा। अलवर में मिनी सचिवालय के बाहर कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। यहां अलवर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा- मनरेगा का नाम बदलने पर सरकार को जगाने में लगे हैं। हम दुबारा गांव-गांव जाएंगे। दिल्ली में जाकर प्रदर्शन करेंगे। अभी सांकेतिक धरना देकर ज्ञापन दिया है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार के बजट में कुछ नहीं दिया गया। राजस्थान व अलवर के लिए भी कोई घोषणा नहीं की गई।

### कोबरी-सार



# केंद्र सरकार का बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करेगा : खर्रा

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत का बजट बताया है। कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देता है और राज्यों के विकास को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए केंद्रीय बजट का हम स्वागत करते हैं। खर्रा सोमवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान को केंद्र से मिलने वाले संसाधनों में वृद्धि हुई है। इससे राज्य सरकार को आधारभूत ढ़ांचे, सामाजिक कल्याण योजनाओं और विकास कार्यों को गति देने में मदद मिलेगी। कहा कि बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे, सडक और कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस है। इसका सीधा लाभ राजस्थान जैसे बड़े और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य को मिलेगा, जिससे व्यापार, पर्यटन और निवेश के नए अवसर बनेंगे। कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं के लिए रोजगार और स्किल डेवलपमेंट और डैडम् सेक्टर को मजबूत करने की जो दिशा बजट में दिखाई देती है, वह राजस्थान की जमीनी जरूरतों से मेल खाती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान टेक्सटाइल, डैडम, रिन्यूएबल एनर्जी और लॉजिस्टिक्स का बड़ा केंद्र बन रहा है। बजट में इन क्षेत्रों के लिए किए गए प्रावधान राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देंगे। यह बजट सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है की राज्यों को सशक्त बनाकर ही देश को सशक्त बनाया जा सकता है और यह दृष्टिकोण बजट में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। राज्यों को मिलने वाले संसाधनों में वृद्धि हुई है और केंद्र व राज्य के समन्वय से विकास कार्य आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि केंद्र से मिलने वाले हर रुपये का उपयोग पारदर्शिता, ईमानदारी और जनहित में हो।

यह बजट राजस्थान को विकास की नई दिशा देने वाला है। हम केंद्र सरकार के साथ मिलकर राज्य के हर वर्ग तक इसका लाभ पहुँचाएँगे। केंद्रीय बजट ने वर्टिकल शेयर 41 प्रतिशत बनाए रखा और राज्यों को लगभग 1.4 लाख करोड़ अनुदान के रूप में आवंटित किए हैं, यह ग्रामीण एवं शहरी निकायों के विकास को सशक्त करेगा। केंद्रीय करों की हिस्सेदारी से राजस्थान को कुल 94 हजार करोड़ का संसाधन मिलेगा, जो पिछले साल से करीब 7 हजार करोड़ अधिक है, इससे हम अपने विकास कार्यों को और मजबूती से आगे बढ़ाएँगे। कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की है कि देशभर में 15 हजार सैकेंडरी स्कूल और पाँच सौ कॉलेज खोले जाएंगे। साथ ही देशभर में हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल खोले जाएंगे। ऐसे में राजस्थान के भी हर जिले में एक गर्ल्स हॉस्टल बनेगा जिसका लाभ हमारे प्रदेश की बेटियों को मिलेगा। वीबी-जी रामजी योजना में नरेगा की तुलना में 86 हजार करोड़ से बढ़ाकर 95 हजार 692 करोड़ राशि का आवंटन किया गया है। राजस्थान को इससे अतिरिक्त राशि मिलेगी। कहा कि यह बजट अवसरों का बजट है और राजस्थान इन अवसरों का पूरा लाभ उठाएगा। विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर प्रहार करते हुए यूडीएच मंत्री खर्रा ने कहा कि विपक्ष को तत्काल लाभ की आदत पड़ गई है। यह बजट दूरगामी परिणामों वालों बजट है। पहले भारत किसी बीमारी से लडने के लिए विदेशों पर निर्भर रहता था वहीं कोरोना जैसी महामारी से निपटने के लिए भारत ने स्वयं की तैयार की गई वैक्सीन काम में ली। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, नेमीचंद कुमावत, राजेश रोलन, तेजप्रकाश सैनी, जितेंद्र सिंह कारंगा, जितेंद्र माथुर, श्रीहरि बियाणी, सुरेश कटारिया आदि मौजूद थे।

### दिल्ली में आयोजित विशाल प्रदर्शन में भाग लेंगे अनेक शिक्षक

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की बैठक सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष भागीरथ सहारण ने की । बैठक में संघर्ष समिति संयोजक लिखमाराम नायक और जिला संगठन मंत्री अविनाश गोदारा ने बताया कि सेवारत शिक्षकों हेतु टेट अनिवार्यता को हटाने, एनईपी 2020 के विरोध में एवं ओपीएस लागू करने के लिए 5 फरवरी को दिल्ली में आयोजित विशाल प्रदर्शन में तारानगर से अनेक शिक्षक भाग लेंगे । प्रांतीय प्रतिनिधि विनोद कस्वां और कार्यकारी मंत्री मदनलाल सहारण ने सदस्यता अभियान को शीघ्र पूरा करने हेतु टीमों के गठन की जानकारी दी। इस अवसर पर उपशाखा मंत्री विजयसिंह जाखड़, गोपीचंद कस्वा, देवीसिंह कस्वा, सुरेश कुमार, निर्दोष कस्वा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे ।

## अमन कॉफ्रेंस 8 को



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहरी जमीअत अहले हदीस लाडनूं के तत्वावधान में 8 फरवरी को मस्जिद मुबारक के पास जावा बास में भव्य अमन कॉफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इस कॉफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, शांति, सद्भाव एवं इंसानियत के पैगाम को आमजन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान शैख डॉ सैयद मेअराज रब्बानी हाफिजुल्लाह, शैख शमीम फौजी मुंबई, शैख कमालुद्दीन सनाबिली विशेष वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे। कॉफ्रेंस में विद्वान अपने संबोधन के माध्यम से समाज को अमन व आपसी सौहार्द का संदेश देंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लाडनूँ क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसी क्रम में युवाओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर अलग-अलग टीमों का गठन करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। साथ ही शहरी अध्यक्ष हाकम अली खान की अध्यक्षता में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण और बैठक एवं खाने की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे।

## विराट हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तहसील के ग्राम बुचावास स्थित श्री श्याम गौशाला मंदिर परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे दिनेश गिरी महाराज ने अपने आशीर्वचनों में धर्म, संस्कार और गौसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं दिल्ली से आईं प्रखर वक्ता मीनाक्षी सेहरावत ने समाज में एकता, संस्कृति संरक्षण और युवा पीढ़ी को नैतिक मूल्यों से जोड़ने का संदेश दिया। सम्मेलन में सरपंच सीता देवी, साहित्याचार्य पं. गोपाल शास्त्री, रविकांत पारीक, रमेश व्यास, मनोज व्यास, तोगावास सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण मेघवाल, रामावतार शर्मा, सीताराम सुथार, गौशाला अध्यक्ष मांगीलाल पांडिया, रामकिशन सुथार, ठाकुर जी मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश, स्वामी मनीराम शर्मा, महावीर प्रसाद प्रजापत, नंदराम सहारण, अशोक कुमार निनाणिया, महावीर प्रसाद गुगड, प्रहलाद राम मेहरा, शिवरतन सुधार, पंडित काशीराम, पंडित परमेश्वर लाल पांडिया, किशनलाल, भगवान सिंह राजपूत, रमेश सिंह राजपूत, राम सिंह राजपूत, हनुमान प्रसाद सुथार, मांगीलाल लाटा, द्वारका प्रसाद, ओमप्रकाश गुगड़, शिवकरण पारीक, बलवान सिंह, भंवरलाल धीनवाल, बृजलाल सोनी, भागीरथ दास, एडवोकेट सतीश स्वामी, भोजराज दाधीच, पवन शर्मा, संदीप भार्गव सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान भजन-कीर्तन और धर्म प्रवचन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और समाज में सद्भाव व धार्मिक जागरूकता बनाए रखने का संकल्प लिया। सम्मेलन के अंतर्गत ग्यारह कुंडीय विशाल यज्ञ, भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, विशिष्ट अतिथियों का नागरिक अभिनंदन, पूज्य संतों का संत समागम तथा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण आयोजित किया। यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विश्व शांति, सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भजन, देशभक्ति एवं धार्मिक प्रस्तुतियाँ वातावरण को भक्तिमय बनाया। संतों के सान्निध्य में आध्यात्मिक प्रवचनों का लाभ मिलाए वहीं समाज के गणमान्य नागरिकों का सम्मान भी किया। सम्मेलन समापन पर सभी को प्रसाद वितरित कर सम्मेलन का समापन किया गया।

## भव्य श्याम संकीर्तन आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा नगरपालिका द्वारा निर्मित व निराश्रित गोवंश सेवा समिति द्वारा संचालित रायसर रोड पर स्थित नन्दीशाला नोखा में श्याम दीवाना संकीर्तन मंडल द्वारा भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन आयोजित हुआ। समिति अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में बाबा के दरबार का आलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा व अखण्ड ज्योत का कार्यक्रम आयोजित हुवा। कार्यक्रम दोपहर 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक चला। समिति सचिव निर्मलकुमार भूरा द्वारा पधारे सभी श्याम प्रेमियो का आभार व्यक्त किया व बताया कि कार्यक्रम में नोखा के स्थानीय कलाकार मनोहरलाल झंवर, दिनेश हिंदुस्तानी, मुरली पारीक, घनश्याम बिश्नोई, गणेश पारीक द्वारा बाबा के चरणों में भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान श्याम प्रेमियों द्वारा झूमकर व नाचकर दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। समिति के जुगलकिशोर तिवाड़ी ने बताया कि कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर, गोपीकिशन तिवाड़ी, अंकित तोषनीवाल, निर्मलकुमार झंवर, जयकिशन बागड़ी, राजू पारीक, पवन राठी, हनुमान सुथार, बजरंग तावनिया, संजय बलदेवा, मूलचन्द तिवाड़ी, लीलाधर राठी, रमेश झंवर, मनीष ओझा, राजेन्द्र दिलोईया व मातृ शक्ति सहित मण्डल के सदस्य व श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा तैयारी टिप्स पुस्तिका वितरित



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरला में प्राचार्य सुभाषचंद्र खेदड़ व सोहनलाल बाकोलिया के संयोजन में 10 वीं कक्षा के 20 विद्यार्थियों को नि:शुल्क बोर्ड परीक्षा तैयारी टिप्स पुस्तिका वितरित की गई। राज्य पुरस्कृत शिक्षक व्याख्याता रामप्रताप सैनी ने बताया कि पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान द्वारा विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार 22 वें संस्करण की प्रतियां विधार्थियों को नि:शुल्क वितरित की गई। फोरम के प्रदेश महासचिव व पुस्तिका के संयोजक रामेश्वर प्रसाद शर्मा के अथक प्रयासों से गत 22 वर्षों से अनवरत प्रकाशित ये पुस्तक अल्प समय में तैयारी हेतु बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय में पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर स्टाफ सदस्य बलवान सिंह, किरण कुमारी, सुधीर कुमार, कपिल अहलावत, सुमन, दलीप सिंह, कविता, रविन्द्र कुमार शर्मा, रमेश चन्द्र मीणा, विक्रम सिंह, राजेन्द्र प्रसाद लुनिया, राजेश कुमार, लक्ष्मणराम, श्रीराम, अजय कुमार, सुषमा कुमारी, कमलेश, जयचंद, रमेश चंद्र आदि उपस्थित थे।

## डिज़्नी क्रूज लाइन पर शाहरुख खान की आवाज में द लायन किंग थीम आतिशबाजी शो

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** डिज्नी क्रूज लाइन ने अपने नए जहाज डिज़्नी एडवेंचर पर एक भव्य ओरिजिनल आतिशबाजी शो श्द लायन किंग: सेलिब्रेशन इन द स्काई की घोषणा की है, जिसके नैरेटर बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान होंगे। समुद्र में आयोजित होने वाला यह शो शानदार आतिशबाजी, ड्रामेटिक लाइटिंग और आइकोनिक म्यूजकि के संग दर्शकों को एक भावनात्मक अनुभव देगा। शाहरुख खान, जिन्होंने द लायन किंग 2019 और मुफासा 2024 के हिंदी संस्करण में मुफासा को आवाज दी थी, इस शो को अपनी दमदार आवाज और कहानी कहने की खास शैली से जीवंत बनाएंगे। शो में श्सर्कल ऑफ लाइफ, हाकुना मटाटा, कैन यू फील द लव टुनाइट जैसे लोकप्रिय गीत शामिल होंगे, जिन्हें रॉयल स्कॉटिश नेशनल ऑर्केस्ट्रा और साउथ अफ्रीका के न्डलोवु यूथ क्वायर ने रिकॉर्ड किया है। शाहरुख खान ने कहा कि द लायन किंग उनके दिल के बेहद करीब है और इस नए अनुभव का हिस्सा बनना उनके लिए खास है। वहीं, डिज्नी क्रूज लाइन की साउथईस्ट एशिया की वाइस प्रेसिडेंट सारा फॉक्स ने कहा कि खान की भागीदारी से एशिया में डिज्नी क्रूज का अनुभव और भी यादगार बनेगा। यह शो तीन और चार रातों के समुद्री सफर के दौरान चुनिंदा शामों को दिखाया जाएगा। डिज्नी एडवेंचर, डिज्नी क्रूज लाइन का एशिया में होमपोर्ट वाला पहला जहाज है, जो सिंगापुर से संचालित होगा।

## कला का महापर्व पिंकफेस्ट का आयोजन छह से

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान की जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं और वैश्विक कलारूपों के संगम के रूप में पिंकफेस्ट 2026 का आयोजन 6 से 8 फरवरी 2026 तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया जाएगा। यह तीन दिवसीय उत्सव कला, साहित्य और प्रदर्शनकारी विधाओं का ऐसा मंच होगा। जहाँ परंपरा और आधुनिकता का सशक्त संवाद देखने को मिलेगा। इसके चलते केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पिंकफेस्ट 2026 का पोस्टर भी लॉन्च किया है। पिंकफेस्ट में देश-विदेश के ख्यात कलाकार, लेखक, विचारक और संस्कृति-प्रेमी एक मंच पर एकत्र होंगे। इस दौरान 300 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत आर्ट इंस्टॉलेशन और पेंटिंग्स दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेंगी। विशेष रूप से रूस, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के कलाकारों की कृतियाँ उत्सव को अंतर्राष्ट्रीय पहचान प्रदान करेंगी। आयोजक सत्यजीत तालुकदार ने कहा कि कला और संस्कृति समाज की आत्मा होती हैं और पिंकफेस्ट उसी आत्मा को अभिव्यक्ति देने का माध्यम है। हमारा प्रयास है कि यह उत्सव नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़े और रचनात्मकता के नए द्वार खोले। इसी सांस्कृतिक दृष्टि के अंतर्गत पिंकफेस्ट 2026 के पोस्टर का विमोचन केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा किया गया। जो इस उत्सव की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्ता को रेखांकित करता है। तीन दिवसीय इस सांस्कृतिक महोत्सव में 150 से अधिक वक्ताओं द्वारा कला संवाद, साहित्यिक संवाद, थिएटर वर्कशॉप, ओपन माइक, शास्त्रीय नृत्य-संगीत प्रस्तुतियाँ तथा राजस्थानी भाषा की फिल्मों पर विशेष संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में कला, साहित्य और संस्कृति जगत की प्रतिष्ठित विभूतियाँ अपनी सहभागिता निभाएंगी। इनमें भरत गुप्त वाइस चेयरमैन नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ चित्रकार श्याम सुंदर शर्मा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला एवं संस्कृति केंद्र के डीन-डायरेक्टर रमेश सी, लेखक नर्मदा प्रसाद उपाध्याय एवं प्रशांत मिश्रा, जाने-माने प्रोड्यूसर-डायरेक्टर कासी बोकाडिया, नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट के पूर्व निदेशक राजीव लोचन, प्रख्यात ओडिसी नृत्यांगना डॉ रिला होता तथा प्रोफेसर हिमाद्री घोष सहित देश-विदेश के अनेक ख्यातनाम चित्रकार, चिंतक एवं परफॉर्मिंग आर्ट के पुरोधा शामिल होंगे।

## 19 सूत्री मांगों को लेकर किसान 23 को महापंचायत कर भरेंगे हुंकार



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा तारानगर की तहसील कमेटी की बैठक किसान मजदूर भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष पूर्णाराम सरावग ने की। बैठक में बकाया बीमा क्लेम देने सहित 19 सूत्री मांगों को लेकर 23 फरवरी को दोपहर 1 बजे तहसील कार्यालय तारानगर के आगे आयोजित होने वाली विशाल किसान महापंचायत की तैयारी पर चर्चा की गई व कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी जिलाध्यक्ष इंद्राजसिंह ने कहा कि किसानों की जायज मांगे न मानकर सरकार किसानों के साथ अत्याचार कर रही है इसी अत्याचार के विरोध में किसानों को एकजुट होना पड़ेगा तभी हमे अपना हक मिलेगा। उन्होंने पूरे जोश के साथ ज्यादा से ज्यादा संख्या में किसान महापंचायत में पहुंचने की अपील करते हुए इसे सफल बनाने की बात कही। बैठक को जिला सचिव उमराव सिंह, तहसील सचिव विक्रम सोनी, जयचंद नानवाल, सुमन, नितेश उपाध्याय, काशीराम पूनिया, रमेश कस्वा, भरतसिंह सहारण, कुनन बरोड़, सुरेन्द्र कोहली आदि ने संबोधित करते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में महापंचायत में पहुंचने का किसानों से आह्वान किया। बैठक में विजयपाल गोस्वामी, राजवीर रुलानिया, गणपत इसरान, रामकुमार झसझनी, शंकरलाल ख्यालिया, हरिसिंह पुनरास, मुरली पटीर, गोपाल डाबड़ी छोटी, बेगाराम, सुमेर, रामचंद्र सहित अनेक गांवों के किसान प्रतिनिधि व किसान मौजूद थे। बैठक के बाद किसानों ने किसान महापंचायत के पोस्टर का भी विमोचन किया।

## स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी के चार खिलाड़ी हुए सम्मानित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** वुशू खेल में राष्ट्रीय स्तर पर बहतरीन प्रदर्शन करने पर स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी के चार खिलाड़ियों को ब्लॉक स्तर पर सम्मानित किया गया। स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक सुशील दाधीच ने बताया कि विधायक नरेंद्र बुडानिया, प्रधान संजय कस्वा, उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार व डीएसपी रोहित सांखला ने एकेडमी की खिलाड़ी अंशिका, टीना, तनिष्का और हिमानी को वुशू खेल में राष्ट्रीय स्तर पर बहतरीन प्रदर्शन करने पर ब्लॉक स्तर पर सम्मानित किया।

## आचार्यश्री का भव्य जुलूस के साथ होगा लाडनूं प्रवेश

### सजने लगा शहर, लोगों में उत्साह का माहौल



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** आचार्य श्री महाश्रमण के लाडनूं प्रवेश को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर शहर भर में तैयारियां परवान पर हैं। सोमवार को यहां जैन विश्व भारती परिसर में आचार्य श्री महाश्रमण योगक्षेम प्रवास वर्ष के अंतर्गत प्रवास व्यवस्था समिति की तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष प्रमोद बैद ने की। इस दौरान प्रवास से जुड़े सभी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में प्रवास अवधि के दौरान बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, आवास एवं भोजन व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार श्रद्धालुओं के ठहराव के लिए लगभग 650 क्वार्टर रूम तैयार किए गए हैं। प्रवचन पांडाल को भी भव्य सजावट से बदला गया है। इसके साथ ही जैन विश्व भारती परिसर को रंग-रोगन एवं आकर्षक रोशनी से सजाया जा रहा है, जिससे पूरे परिसर का स्वरूप पहले से और अधिक मनमोहक बन गया है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रमोद बैद, महामंत्री निर्मल कोटेचा, मंत्री राजेंद्र खटेड, मुख्य संयोजक सुनील बोहरा, संयोजक शांतिलाल खटेड़, सुरेश मोदी, मुकेश नाहर, आलोक कोठारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुरु रविदास की जयंती मनाई

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से सोमवार को संत शिरोमणी गुरू रविदास की जयंती पर जिला संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. मुकेश गर्ग ने कहा कि संत रविदास जी ने अपने विचारों में कहा था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। कहा कि मन की पवित्रता होना अति आवश्यक है। कहा कि संत रविदास के विचारों में एक भाव निकल कर आया था कि इस देश का कोई भी नागरिक भूखा ना सोए, कोई ऊंच नीच की भावना ना हो, समता का भाव, समानता का अधिकार हो। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की डबल इंजन सरकार भी आम नागरिक को वही अधिकार प्रदान कर रही है। उन्होंने केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के विचारों से प्रेरित बताया। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जैदिया ने कहा कि जिस समय देश में जातिगत भेदभाव, ऊंच नीच चरम स्तर पर थी, उस समय निर्भीकता के साथ रविदास जी ने इस समाज में जातिवाद का विरोध किया। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड ने कहा कि जिस तरह से संत रविदास ने एक दलित परिवार में पैदा होकर देवीय शक्ति को आत्मसात किया, उसी तरह से हमें भी उनके विचारों को आत्मसात करते हुए इस देश को परम वैभव की ओर लेकर जाना है। मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश कुमार पालडी ने सभी धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के जिला महामंत्री रविंद कुमार गहलोत ने किया। इस दौरान मोर्चा जिला मंत्री पवन कुमार लुणा, बाबु सिंह बाजौर, मोर्चा कार्यालय मंत्री सुभाष रोलन, रघुनाथ कुमावत, पूर्व सरपंच बाजोर, गिरधारी लूणा, बजरंग लाडवा, नेम सिंह शेखावत, कुल्डाराम कुमावत, सुभाष कुमावत, मनीष मीणा, महावीर प्रसाद लूणा, फुलचंद कुमावत आदि मौजूद रहे।

## आरएसएम स्कूल ने स्थापना दिवस मनाया



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय मोदी रोड स्थित राजस्थानी शिशु मन्दिर का 51 वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। निदेशक विवेक शर्मा ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक सफलतम 50 वर्ष पूर्ण कर विद्यालय ने 51 वें वर्ष में प्रवेश किया है। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एव खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़, गुब्बारा फोड़, बैलेन्स बुक, फ्रोग रेस, फुटबाल, बैडमिंटन 100 मीटर दौड़ कबड्डी जलेबी दोड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें विजेता रहे बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ उमेद सिंह, सचिव सज्जन कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने केक काटकर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जय प्रकाश शर्मा, प्रियंका शर्मा, प्रिति शर्मा, जसवीर कुमार, गोविन्द सोनी, पंकज शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, दीक्षिका, शालु सैनी, प्राची शर्मा, सुशील सोनी, रामवतार, अंजु सैनी, विकास, राहुल, राजेश शर्मा व अनेक गणमान्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्रुति शर्मा ने किया।

## शिविर में 126 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से सोमवार को जिले के उप जिला अस्पताल खंडेला में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 126 बच्चे स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आए, जिनमें से 123 बच्चों का उपचार किया गया एवं 3 बच्चों को उच्च संस्थान पर इलाज के लिए रेफर किया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रवण कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश बाजिया, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. चरण सिंह, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार एवं दंत रोग चिकित्सक डॉ उमेद सिंह ने अपनी सेवाएं दी।

## तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सीतसर बालाजी मन्दिर में हर माह होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों के तहत एस माह मे भी माघ महीने की शुक्ल पक्ष की तेरस से पूर्णिमा तक शुक्रवार से रविवार तक मन्दिर के महंत पुष्कर लाल पारीक के सानिध्य में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गए। मन्दिर समिति के अध्यक्ष पी एल शर्मा व सचिव सुरेश शर्मा इंजीनियर रवि पारीक ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया की सीतसर बालजी धाम मन्दिर मे गत कई वर्षो से हर माह की शुक्ल पक्ष की तेरस और चौदस तिथि को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सहित भजन कीर्तन और विशाल भंडारा आयोजित होता आ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार से रविवार तक को भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भजन कीर्तन रामायण का अखंड पाठ सहित बालाजी महाराज का और श्री श्री 1008 पंडित सांवलराम जी महाराज का अभिषेक कर श्रंगार किया गया। इसी क्रम में मन्दिर मे आने वाले सभी श्रदालुओं के प्रसाद खाने हेतु विशाल भंडारा रविवार देर तक चलता रहा वही दूर दराज से आने वाले भक्तो के लिए रहने खाने पिने की मन्दिर ट्रस्ट की तरफसे नि:शुल्क व्यवस्था थी। उक्त सभी धार्मिक कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए विभिन्न तरह की समितियों का गठन किया गया था। जिसमें मुख्य मुख्य रूप से निरंजन लाल शर्मा भूकाना, बनवारी लाल घूमनसर, केशर देव गोलवा, कैलाश चन्द्र जांगिड, दिनेश वाल्मीकि, अंकित, सुरेश शर्मा, भवानी शर्मा, हरिराम, मदन लाल, मंगेज चावला, मनोज कुमार, अनिल पारीक, विकास पारीक, नरेश पारीक, नीकु पारीक, चीकू पारीक, मनीष, विक्रम सिंह बोला, संदीप कुमार जखोड़ा, शिशुपाल सिंह ठिमोली, नटवर लाल सैनी, कैलाश ठेकेदार आदि को सम्मिलित किया गया था।

## माघ पूर्णिमा पर भजन संध्या आयोजित



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर के सत्यनारायण भगवान मंदिर में माघ पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर रविवार रात भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें मंदिर प्रांगण को फूलों, रंग बिरंगी लाइटों व गुब्बारों से सजाया गया। भजन संध्या संतों के सानिध्य में स्थानीय व झुंझुनू, सीकर से पधारे कलाकारों ने अपने भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां दी। मंदिर के महंत पंडित हीरालाल पुजारी के सानिध्य में शाम को महाआरती के बाद पवन पुजारी पन्ना ने गणेश वंदना से भजन संध्या की शुरुआत की।

इसके बाद सीकर से पधारे कलाकार अभिषेक मिश्रा ने भजनों की प्रस्तुति दी। झुंझुनू चंचल नाथ टीला से पधारे महंत ओमनाथ महाराज, विचारनाथ महाराज, सोनासर धाम से पधारे अभयनाथ महाराज ने भी भजनों की रस गंगा बहाई। भजन संध्या में उपस्थित श्रद्धालु झूमते नजर आए। इसके पश्चात झुंझुनू से आए आनंद हिसारिया ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। सोमवार सुबह आरती के बाद भजन संध्या का समापन किया गया। आयोजन में शामिल हुए संतों व भजन कलाकारों का मंदिर महंत पंडित हीरालाल पुजारी व पुजारी परिवार द्वारा माला पहना कर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। आयोजन में पहुंचे भाजपा नेता राजेश दहिया व पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने भी ठाकुरजी महाराज के दर्शन कर भजन संध्या में भाग लिया। इस दौरान रणछोड़ पुजारी, नरोत्तम पुजारी, रवि पुजारी, रविंद्र पुजारी, महेश पुजारी, केशव पुजारी, राधेश्याम सुखाड़िया, पिंटू ककरानिया, सौरभ सुल्तानिया, मनोज हलवाई, सुनील शर्मा, रविकांत कोतवाल, सुनील पारीक, राकेश बाछुका, डॉ लक्ष्मीकांत शर्मा, विकास ककरानिया, संजय दाधीच सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का किया स्वागत

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सोमवार को सीकर प्रवास पर पहुंची। भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका भावभीना स्वागत किया। भाजपा कार्यालय में पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने उनको सालासर बालाजी की फोटो, बड़ी माला, फुलों का गुलदस्ता, पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। वसुंधरा राजे ने कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही सर्वोपरी होते हैं। स्वागत समारोह का संचालन जिला महामंत्री राजेश रोलन ने किया। इस दौरान धोद विधायक गोरधन वर्मा, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व केडी बाबर, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी, कमल सिखवाल व मनोज सिंघानिया, गजानंद कुमावत, मधु कुमावत, राजेश रोलन, नेमीचंद कुमावत, रमेश जलधारी, जितेंद्र सिंह कारंगा, बाबुसिंह बाजौर, प्रभु सिंह सेवद, सुमन वर्मा, अनिता शर्मा, श्रीहरि बियानी, स्वदेश शर्मा, महेश पालड़ी, रामचंद्र बगडिया, गोविंद बिजारणियां, डॉ. बलवंत सिंह चिराणा, गजेंद्र चारण, नंदकिशोर सैनी, मुकेश नायक, बाबूलाल शर्मा, शोभसिंह अनोखू, सुभाष दानोदिया, फुलचंद कुमावत, अनुराधा, जयसिंह त्रिलोकपुरा, यश जलधारी, जयदीप सिंह, राजकुमार स्वामी आदि मौजूद रहे।



## ब्रह्माकुमारीज द्वारा मनाया गया त्रिमूर्ति महाशिवरात्रि पर्व



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** चिड़ावा कस्बे में ब्रह्माकुमारीज की ओर से 90वां त्रिमूर्ति महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया। चिड़ावा कस्बे की मंड्रेला रोड पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति झुंझुनू की पूर्व सदस्य मनीषा केडिया रही। अतिथियों द्वारा शिव ध्वजोरहण कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। साथ ही कैंडल लाइट कर शिव ज्योति प्रज्वलित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में नारनौल से पधारी बीके कमल दीदी ने महाशिवरात्रि पर्व के बारे में बताया और इसे मनाने के साथ-साथ खुद के जीवन को बदलने का आह्वान किया। चिड़ावा केंद्र की संचालिका बीके स्नेह दीदी ने भी इस मौके पर कहा कि हमारे अंदर काम, क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार जैसे विकार है। इन सभी विकारों को भगवान शिव को चढाकर हम ना केवल अपने मन, बल्कि परिवार, समाज और देश में शांति प्राप्त कर सकते है। उन्होंने इस मौके पर महाशिवरात्रि के नाम के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि रात्रि का मतलब कलियुग की रात का अंत है। जो महादेव शिव ही कर सकते है। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के नन्हें मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जो सभी के द्वारा सराही गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मनीषा केडिया और सरला की पाठशाला की संचालिका अनिता पूनियां आदि ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का संचालन पूजा गोयल ने किया। सांस्कृतिक व प्रवचन कार्यक्रम से पहले चिड़ावा कस्बे के टेकड़े पर से आयोजन स्थल तक कलश यात्रा और बाइक रैली निकाली गई।

जिसमें सैंकड़ों की संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। जगह-जगह पर इस यात्रा का स्वागत हुआ। यात्रा में शिव पार्वती की झांकी मुख्य आकर्षण रही। इस मौके पर सरला की पाठशाला की संचालिका अनिता पूनियां, गणेश भाई नारनौल, महेंद्र यादव, जितेंद्र सैनी, चंदगीराम सैनी, हवासिंह, रामविलास मोदी, विनित मोदी, अनुज सैनी, संजय गोयल, सुनिल रोहिल्ला, कृष्ण, रामनिवास मावंडिया, बनवारीलाल, बसंतलाल, सूरजभान, लीलाधर, उर्मिला, किरण, डिम्पल, नव्या, पूजा, मनीषा, गीता, कविता, रेणू, महिमा, राजबाला जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

## जांगिड़ ने किया पूर्व सीएम का स्वागत

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सीकर में पहुंची। वहां पर भाजपा नेता भंवरलाल जांगिड़ व समाजसेवी ने पार्टी का प्रतीक चिह्न बीजेपी का फूल देकर के और दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया । वसुंधरा ने जांगिड़ से उनकी सेवा के बारे में जानकारी ली और उसको धन्यवाद दिया। साथ में विधायक गोवर्धन वर्मा, पूर्व विधायक रतन जलधारी, रमेश जलधारी, जिला अध्यक्ष मनोज, नेमीचंद कुमावत उपाध्यक्ष भाजपा साथ में उपस्थित रहे।

# तेल-गैस संरक्षण को लेकर सक्षम-2026 जन जागरूकता अभियान शुरू

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण को लेकर जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सक्षम-2025-26 अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 15 फरवरी 2026 तक चलेगा। जिसमें तेल उद्योग के डीलर, वितरक, सरकारी नेटवर्क और आमजन को शामिल किया जा रहा है। सक्षम-2026 का उद्घाटन समारोह सोमवार को तोतुका सभागार जैन नासियाँ, नारायण सिंह सर्किल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक जनार्दन कुमार ने किया। इस वर्ष अभियान का नारा है,



### तेल और गैस बचाओ-हरित ऊर्जा अपनाओ

इस अवसर पर राज्य स्तरीय समन्वयक तेल उद्योग एवं कार्यकारी निदेशक व राज्य प्रमुख, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड राजस्थान मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि ऊर्जा का कुशल और विवेकपूर्ण उपयोग समय की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों से पेट्रोलियम संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल हो सके। उन्होंने कहा कि तेल और गैस के इष्टतम उपयोग से देश में पेट्रोलियम उत्पादों की बड़ी मात्रा में बचत संभव है।

मुख्य अतिथि जनार्दन कुमार ने स्कूली बच्चों और आमजन की उपस्थिति में तेल एवं गैस संरक्षण के संदेश लिखे गुब्बारे आसमान में छोड़े तथा संरक्षण संदेशों के साथ स्कूली बच्चों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने पेट्रोलियम संरक्षण के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रचारित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में गेल ;इंडियाद्ध लिमिटेड राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक संजय चौहान ने मुख्य भाषण देते हुए ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और तेल कंपनियों द्वारा किए जा रहे संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रयासों की जानकारी दी। बीपीसीएल के उप महाप्रबंधक गौरव शर्मा ने सक्षम-2026 के तहत उपस्थितजनों को तेल और गैस संरक्षण की शपथ दिलाई। सभी अतिथियों एवं स्कूली बच्चों ने सामूहिक रूप से संरक्षण की शपथ ली।

## विश्व कैंसर दिवस कल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर चार फरवरी को चिकित्सा संस्थाओं में कैंसर जागरूकता एवं परामर्श शिविर आयोजित होंगे। शिविर में आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक किया जाएगा व प्रारंभिक अवस्था में इसकी पहचान सुनिश्चित कर उपचार से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया जाएग है। इस वर्ष की थीम कैंसर के खिलाफजागरूकता की पहल पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। डिप्टी सीएमएचओ डॉ . निर्मल सिंह ने बताया कि वर्तमान जीवनशैली, खान-पान और बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारण कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। कैंसर की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाए, तो इसका सफल उपचार संभव है। इसको ध्यान में रखते हुए चिकित्सा संस्थाओं में कैंसर केयर डे-केयर ओपीडी में कैंसर की जांच, निदान, उपचार, फॉलोअप कीमोथेरेपी और पैलि, टिव केयर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने फरवरी को विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित इस शिविरों का लाभ उठाने की अपील की है।

# बजट में युवाओं, महिलाओं व मध्यम वर्ग को बड़ी राहत : बाजौर

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने सोमवार को सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट को लेकर उन्होंने बजट की सराहना करते हुए इसे श्हर वर्ग का बजट बताते हुए कहा कि यह विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाला बजट है। प्रेम सिंह बाजौर ने विपक्ष द्वारा सैन्य बजट में कटौती के लगाए जा रहे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि इस बजट में रक्षा बजट में 15 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि सेना को आधुनिक हथियारों, उपकरणों और तकनीक से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए कहा कि युद्ध जैसी परिस्थितियों में कुछ



संसाधनों की कमी सामने आई थी, जिसे ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। बाजौर ने कहा कि बजट में युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग को विशेष प्राथमिकता दी गई है। युवाओं के लिए स्वरोजगार और कौशल विकास के माध्यम से नए अवसर सृजित किए गए हैं, वहीं महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं। मध्यम वर्ग को टैक्स स्लैब और अन्य रियायतों के माध्यम से राहत देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाकर अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत किया गया है। साथ ही ईज ऑफडूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए किए गए सुधारों से छोटे और बड़े व्यापारियों को समान रूप से लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाना भी इस बजट का एक प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का पूरा ध्यान देश के विकास और जनकल्याण पर केंद्रित है और डबल इंजन की सरकार होने से प्रदेश में भी आने वाले समय में नए-नए विकास कार्य होंगे। इस दौरान झुंझुनू विधायक राजेन्द्र भाम्बू, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, विश्म्भर पूनियां, ललित जोशी, कमलकांत शर्मा भी उपस्थित रहे।

# प्रतिष्ठित लेखिका व लिट फेस्ट की सह-संस्थापिका गोखले लाइफटाइम अचीवमेंट से सम्मानित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देश की प्रतिष्ठित लेखिका जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की सह-संस्थापिका और सांस्कृतिक संरक्षिका नमिता गोखले को बनारस लिट फेस्ट में भर्तेंदु हरिश्चंद्र लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भाषाओंए पीढ़ियों और विधाओं के संगम से परिभाषित एक असाधारण साहित्यिक वर्ष का शिखर बिंदु माना गया है, जो भारतीय साहित्य में उनके बहुआयामी, दीर्घकालिक और प्रभावशाली योगदान को मान्यता देता है। दुनिया के अग्रणी साहित्यिक पुरस्कारों की गरिमा और विस्तार को ध्यान में रखकर परिकल्पित बनारस लिट फेस्ट बुक



अवॉड्र्स अंग्रेजी, हिंदी और भारतीय भाषाओं में कथा, कविता, कथेतर और अनुवाद की उत्कृष्ट कृतियों को सम्मानित करते हैं। ये पुरस्कार परंपरा में रचे साहित्यिक मूल्यों के साथ.साथ समकालीन यथार्थ के प्रति सजग प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। नमिता ने अंग्रेजी में 26 पुस्तकें लिखी हैं। जिनके हिंदी सहित अन्य भाषाओं में भी व्यापक पाठक हैं। उनके साहित्यिक योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2021 में अपने ऐतिहासिक उपन्यास थिंग्स टू लीव बिहाइंड के लिए प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर नमिता ने कहा कि भर्तेंदु हरिश्चंद्र के नाम से जुड़ा यह लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान और भावनात्मक अनुभव है। भारतीय साहित्य की परंपरा ने मुझे मेरी आवाज़ दी है और समकालीन समय ने मुझे उसे लगातार खोजने की चुनौती। बनारस लिट फेस्ट जैसे मंच, जो संवाद, विविधता और सृजनात्मकता को केंद्र में रखते हैं, हमारे साहित्यिक भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस सम्मान के लिए मैं बनारस लिट फेस्ट की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमला देवी प्रजापत को सोमवार को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। चोठिया बास आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें शॉल और उपहार भेट किए गए । वक्ताओं ने कहा कि सेवा और सेवानिवृत्ति जीवन के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं। विदाई के दौरान कमला देवी और अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की आंखें नम हो गई। उपस्थित जनों ने कमला देवी के कार्यों की सराहना की। कमला देवी ने अपने सहयोगियों का आभार व्यक्त कियाऔर किसी भी अनजाने में हुई गलती के लिए क्षमामांगी। उन्होंने कहा कि सेवा से निवृत्त होने के बाद भी बने पारिवारिक संबंधों को आखिरी सांस तक निभाएंगी। इस अवसर पर शिवानी भाटी, लक्ष्मी पांडे, संतोष सोनी, शारदा जाट, जशोदा मेघवाल, शारदा सैनी, मधु सोनी, मीता प्रजापत, अरुणा प्रजापत, अनिता राजपूत, मीना राजपूत सहित अनेकों आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही।

# शहीद राजकुमार कुमावत की 24वीं पुण्यतिथि मनाई

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के प्रथम शहीद राजकुमार कुमावत को 24वीं पूण्यतिथि के अवसर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की गई। सोमवार को शहीद स्मारक पर पूर्व चेयरमैन सुरेश शर्मा, पूर्व नपा उपाध्यक्ष संतोष खंडेलवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, पार्षद अजय नायक व पार्षद नरेन्द्र सिंह द्वारा शहीद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी गई। इस दौरान शहीद के भाई कजोड़मल वर्मा, जगदीश प्रसाद, मुकेश हलवाई, रामजीलाल कुमावत, रामसिंह सैनी, महेन्द्र सैनी ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए व शहीद राजकुमार अमर रहे के नारे लगाए। इस मौके पर दुलीचंद कुमावत, अभय राम, गजानंद कटारिया, छाजुराम सैनी, अमर सिंह, अनिल नेहरा, अजीत सिंह बिजौली, किशोरी लाल, रूपेन्द्र सिंह, जितेन्द्र, रमेश वर्मा, एडवोकेट नरेश वर्मा, राकेश कुमार, राजु सैनी, मोंटी शर्मा, दलीप सैनी, मुकेश कुमार सहित सैकंड़ों की संख्या में महिला व पुरूष मौजूद रहे।

### शहीद के नाम पर चौक का नामकरण ना होने की रही चर्चा

कस्बेवासियों द्वारा हाल ही में नगरपालिका द्वारा कस्बे में सात चौक व सड़कों का नामकरण किए जाने को लेकर चर्चा की जिसमें कस्बे के प्रथम शहीद राजकुमार के नाम को अनदेखा किया गया। शहीद के नाम से किसी चौक या सड़क का नामकरण ना



करना शहीदों का अपमान है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों का कहना था कि नेता भाषण देते समय तो शहीदों की नाम बहुत सम्मान के साथ लेते है लेकिन जब बात धरातल पर कुछ करने की हो तो उनकी याददास्त गायब हो जाती है। इस दौरान परिजनों ने कहा कि शहीद स्मारक के सामने आज तक पालिका द्वारा दो स्ट्रीट लाईट भी नहीं लगाई गई है जिससे रांत के समय स्मारक के सामने अंधेरा छाया रहता है।

## सीपीआर जागरूकता अभियान : एक ही स्थान पर होगा मानव-प्रतिरूप और सीपीआर अभ्यास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कोविड के बाद अचानक हृदयाघात सडन कार्डियक अरेस्ट के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। जिसमें युवाओं की संख्या अधिक है। ऐसी परिस्थितियों में समय पर दिया गया कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन सीपीआर कई जिंदगियां बचा सकता है। इसी उद्देश्य से सीपीआर के प्रति जन.जागरूकता बढ़ाने के लिए चार फरवरी को जयपुर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें दो गिनीज



बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का दावा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम चार फरवरी को सुबह जयपुर के नेवटा स्थित सेंट जेवियर्स कैंपस में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में एक ही स्थान पर सबसे अधिक लोगों द्वारा सीपीआर अभ्यास तथा मानव प्रतिरूप ह्यूमन मैनिकिन पर सर्वाधिक अभ्यास कर दो विश्व रिकॉर्ड बनाए जाएंगे। इसमें पांच हजार से अधिक छात्र-छात्राएं और आमजन भाग लेकर सीपीआर का अभ्यास करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन जयपुर वर्ल्ड रिकॉर्ड कार्निवल के फाउंडर और सात गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक मनमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में किया जा रहा है। मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि देशभर में सीपीआर डॉक्टर ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात वरिष्ठ फिजिशियन डॉण् विवेक जैन के मार्गदर्शन में यह आयोजन होगा।

## सम्पादकीय

# खास तरह का आम बजट, आत्मनिर्भर भारत पर नजर

वैश्विक अनिश्चितता के बीच जब आम बजट को लेकर कई अनुमान लगाए जा रहे थे, तब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लीक से हटकर चलने का फैसला किया। यह समय की मांग भी थी। इसी कारण इस बजट में कोई चौंकाने वाली या फिर लोकलुभावन घोषणा नहीं। ऐसा इसीलिए है, क्योंकि अनिश्चित माहौल में कोई योजना बनाना एक तरह से अंधेरे में तीर मारना होता। मोदी सरकार ने बजट के जरिये अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और उसे स्थिरता प्रदान करने वाले फैसले लिए हैं। यह भी दिख रहा है कि उसकी कोशिश आर्थिक मोर्चे पर स्थितियों को सुधारने पर जोर देना है। इसी कारण यदि आम या खास आदमी इस बजट में सीधे तौर पर खुद को लाभान्वित होता हुआ नहीं देख रहा है तो आश्चर्य नहीं। इसका यह अर्थ भी नहीं कि उसे परोक्ष तौर पर भी कुछ मिलने नहीं जा रहा है। बुनियादी ढांचे के निर्माण से लेकर सामाजिक विकास की अनेक योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गों को राहत या सुविधाएं देने की कोशिश की गई है।

नि:संदेह बजट पर शेयर बाजार ने निराशाजनक प्रतिक्रिया दी, लेकिन यह पहली बार नहीं, जब शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया हो। चूंकि यह बजट पारंपरिक नहीं है, इसलिए उसकी व्याख्या भी नए तरीके से की जानी चाहिए। बजट का केंद्रीय तत्व आर्थिक और वित्तीय अनुशासन है, इसका एक प्रमाण राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को और कम करना है। इसके अतिरिक्त उन योजनाओं पर पैसा खर्च करना भी है, जिनसे देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत हो और आत्मनिर्भर भारत की नींव सशक्त बने। बजट में ऐसे कई उपाय किए गए हैं, जो उद्योग-व्यापार जगत को सीधा संदेश देते हैं कि उसे अपने तौर-तरीके बदलने होंगे। यदि भारतीय उद्योग जगत को चुनौतियों से पार पाना है तो उसे यह करना ही होगा। यूरोपीय संघ से मुक्त व्यापार समझौते के बाद ऐसा करना और भी आवश्यक हो गया है। इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि हमारा उद्योग जगत वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार नहीं। कहना कठिन है कि इस बजट की घोषणाएं उसे इसके लिए प्रेरित कर सकेंगी या नहीं? जो भी हो, यह अच्छा है कि सरकार ने बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों को सक्षम बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। ये कदम यही बता रहे हैं कि जो काम छोटे और मझोले कारोबारियों को करना चाहिए, उसमें सरकार हाथ बंटाने के लिए आगे आ रही है। यदि इसके बाद भी एमएसएमई क्षेत्र सक्षम नहीं बनता तो यह निराशाजनक ही होगा। वास्तव में छोटे-बड़े, सभी कारोबारियों को अपने हिस्से की जिम्मेदारी समझनी होगी। इसी तरह नौकरशाही को भी अपने रंग-ढंग बदलने होंगे। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो पांच लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में बुनियादी ढांचे के विकास और ऐसी ही अन्य बड़ी योजनाओं का वही हश्र होगा, जो स्मार्ट सिटी योजना का हुआ।

यह समझना होगा कि शहरों का विकास करने की जिम्मेदारी मूलत: राज्यों और नगर निकायों की है। केंद्र सरकार ऐसे कुछ नियम-कानून अवश्य बना सकती है, जिनसे राज्य सरकारें और नगरीय विकास की एजेंसियां अपना काम कुछ उसी तरह करें, जैसे मेट्रो परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के मामले में किया जा रहा है।

बजट में सीधे तौर पर टैक्स छूट देने के बजाय टैक्स संबंधी नियम-कानूनों का सरलीकरण करने और कठोर दंडात्मक उपायों से परे जाने के जो अनेक फैसले किए गए हैं, उनसे लोगों को सचमुच राहत भी तभी मिलेगी, जब नौकरशाही का रवैया बदलेगा।

● विशेष आलेख

# यूजीसी विवाद : ऐतिहासिक फैसला करने का समय आ गया है



सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी द्वारा बनाए गए नए नियमों पर फिलहाल रोक तो लगा दिया है लेकिन इसके बावजूद यह विवाद अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले यूजीसी द्वारा बनाए गए नियमों के खिलाफ अगड़ी जातियों के लोग सड़कों पर थे और अब इसके समर्थन में एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के लोग सड़कों पर हैं। विवाद चाहे किसी भी मुद्दे पर हो, यह तनाव लाता है और समाज की शांति को भंग करता है। इसलिए विवाद को टालने की बजाय हमेशा स्थाई समाधान को तलाशने के लिए काम करना चाहिए।

सही मायने में देखा जाए तो यूजीसी नियमों पर मचे घमासान या यूं कहें कि ताजा विवाद ने दुनिया के सबसे प्राचीन और सबसे विशाल लोकतांत्रिक देश भारत को एक बड़ा मौका दे दिया है और हम अगर इस बार चूक गए तो फिर आने वाले कई दशकों तक यह विवाद देश और समाज की शांति को भंग करता रहेगा। सामान्य भाषा में कहे तो हमारे देश के संविधान ने भारत में रहने वाले सभी लोगों को समानता का अधिकार दिया है, चाहे वो किसी भी जाति, धर्म या संप्रदाय से जुड़े हुए हो। भारतीय न्याय व्यवस्था का मूल सिद्धांत तो यही रहा है कि सौ दोषी भले छूट जाएं, लेकिन एक भी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। यह सिद्धांत हमें स्पष्ट तौर पर बताता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर पूरे समाज के भरोसे को बरकरार रखने के लिए यह सबसे अधिक जरूरी है कि किसी भी निर्दोष को किसी भी हालत में वर्ष, महीने, दिन और घंटे तो छोड़िए, एक सेकंड के लिए भी प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए। इस कसौटी पर रखकर जब यूजीसी के नियमों को तौला जाता है तो यह साफ-साफ नज़र आता है कि यूजीसी ने अपने नियम के जरिए भारत के लोकतांत्रिक और न्यायिक व्यवस्था के मूल सिद्धांत को ही कुचलने की तैयारी कर ली थी। कई लोग यह तर्क भी देते हुए नजर आए कि दुरुपयोग तो किसी भी कानून का हो सकता है। कुछ लोगों ने कई अन्य कानूनों के दुरुपयोग का उदाहरण दिया तो कुछ लोगों ने हज़ार वर्षों के शोषण का जिक्र करते हुए इसे सही ठहराया।

हालांकि भारत के लोगों के लिए यह जानना बहुत जरूरी है कि यह मामला सिर्फ अगड़ा बनाम पिछड़ा भर का नहीं रह गया है और इसे रहना भी नहीं चाहिए। आज़ादी के 75 वर्षों बाद अब यह सोचने का समय आ गया है कि क्या हमारी व्यवस्था कानून का पालन करने वाले निर्दोष लोगों के साथ न्याय कर पा रही है। यह आपको अजीब लगेगा लेकिन सही मायनों में अब हमें इसे राष्ट्रीय मुद्दा बनाना चाहिए कि आखिर बिना किसी सजा के लोगों को दिन, महीने, साल ही नहीं दशकों तक जेल की सलाखों के पीछे रखने के लिए जिम्मेदार कौन है? महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून, दहेज, महिला उत्पीड़न सहित उन तमाम कानूनों की समीक्षा करने का वक्त आ गया है जो पुलिस को बिना किसी जांच के गिरफ्तार करने का अधिकार देते हैं।

एक लोकतांत्रिक देश में बिना किसी सबूत के किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए। जो लोग हज़ारों वर्षों के शोषण की याद दिलाते हैं,उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि उनके स्तर को उठाने और भेदभाव खत्म करने के लिए ही आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है और देश का अगड़ा वर्ग भी पिछले कई दशकों से इसे स्वीकार कर चुका है। लेकिन किसी को भी इतना अधिकार तो नहीं दिया जाना चाहिए कि वो किसी और जाति, धर्म अथवा संप्रदाय के लोगों को बिना मतलब कानूनी विवाद में उलझा दें अथवा जेल भिजवा दें।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि, लोग ना जाने क्यों इस तथ्य को भी भुला देते हैं कि हज़ार साल पहले की शासन व्यवस्था चाहे जैसी भी रही हो लेकिन इस देश में पिछले 75 वर्षों से लोकतंत्र है, संसद है, न्यायपालिका है और मीडिया भी है। अगर हज़ार साल पहले ऐसा कुछ हुआ भी होगा जिसका दावा आमतौर पर किया जाता है तो क्या उसका बदला अब एक आज़ाद लोकतांत्रिक देश में लेने की इजाज़त दी जा सकती है। यह तो आंख के बदले आंख लेने जैसा नियम लागू हो जाएगा। वाद-विवाद में तथ्यों और आंकड़ों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है लेकिन दुर्भाग्य से आज के माहौल में कोई इस पर बात ही नहीं करना चाहता। ऐसा लगता है जैसे सब अपना-अपना दायरा पहले ही तय कर चुके हैं और कोई भी इससे आगे जाना ही नहीं चाहता।

शोषण कौन कर रहा है और शोषण किसका हो रहा है, यह तो किसी व्यक्ति या कुछ व्यक्तियों के परसेप्शन के आधार पर तय नहीं हो सकता, इसकी गवाही तो सिर्फ और सिर्फ आंकड़ें ही दे सकते हैं और जैसे ही आप आंकड़ों को सामने रखते हैं तो सारी कहानी ही पलटी हुई नजर आती है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि बार-बार आबादी के बहाने इस विवाद को सुलगाने की कोशिश करने वाले ये भूल जाते हैं कि अगर आप बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक की बात करेंगे तो फिर संविधान निर्माताओं की भावना का सम्मान करते हुए ऐसे लोगों को जिनकी आबादी कम है, उन्हें तो कई तरह के विशेषाधिकार देने पड़ेंगे।

इसलिए , इस विवाद को हमेशा-हमेशा के लिए खत्म करना अब बहुत जरूरी हो गया है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार बार-बार आज़ादी के 100 वर्ष पूरे होने यानी 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का दावा कर रही है तो क्या एक विकसित भारत में भी हमारा देश अतीत की गठरी लेकर ही प्रवेश करेगा? इस सवाल का जवाब अब तो ढूंढ ही लेना चाहिए।

## स्वास्थ्य समाचार

# पेट साफ करने के लिए बहुत फायदेमंद है इसबगोल इन तरीकों से करें सेवन

पेट की समस्याओं के लिए इसबगोल औषधि के समान है। यह एक गेंहू जैसा दिखने वाली पौधा है, जिसमें काफी छोटी-छोटी पत्तियां और फूल होते हैं। इसका बीज काफी पतला और सफेद रंग का होता है, जिसे कई लोग भूसी भी कहते हैं। इसे भी इसबगोल के रूप में सेवन किया जाका है। अगर आप अपने शरीर को मजबूत रखना चाहते हैं और पाचन को दुरुस्त रखना चाहते हैं तो रोजाना इसबगोल का सेवन करेँ। खासतौर पर इसका सेवन करने से पेट को साफ किया जाता है। यह कब्ज और बवासीर से बचाव कर सकता है।



### पानी के साथ करें सेवन

पेट साफ करने के लिए आप इसबगोल और पानी का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए 1 गिलास पानी लें। इसमें 1 चम्मच इसबगोल मिक्स करें और कुछ समय के लिए छोड़ दें। जब इसबगोल पानी में अच्छी तरह से घुल जाए तो इसका सेवन करें। इससे आपका पेट साफ हो सकता है।

### दूध के साथ करें सेवन

पेट को क्लीन करने के लिए और कब्ज की परेशानी को दूर करने के लिए दूध के साथ इसबगोल का सेवन किया जा सकता है। इसके लिए 1 गिलास गुनगुना दूध लें। इसमें 1 चम्मच इसबगोल डालकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। अब इसे पी लें। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा।

### त्रिफला पाउडर के साथ

पेट साफ करने के लिए इसबगोल और त्रिफला का मिश्रण भी आपके लिए लाभकारी हो सकता है। इसके लिए 1 गिलास गुनगुना पानी लें। इसमें त्रिफला चूर्ण और इसबगोल को मिक्स करके इसका सेवन करेँ। इससे कुछ ही दिनों में आपका पेट साफ हो जाएगा। साथ ही अन्य परेशानियां भी दूर रहेंगी।

### दही के साथ खाएं

अपच, दस्त या फिर एसिडिटी की परेशानी होने पर दूध के साथ इसबगोल का सेवन करें। इससे काफी आराम महसूस होगा। इसका सेवन करने के लिए एक कटोरी दही लें। इसमें एक से दो चम्मच इसबगोल की भूसी मिक्स करें। अब इसका सेवन करें। इससे आपका पेट क्लीन होगा। साथ ही अन्य परेशानियां दूर होंगी।

# वजन बढ़ाने के लिए इस तरह खाएं अश्वगंधा और शतावरी, मिलेंगे कई फायदे

बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी होता है स्वस्थ, संतुलित और पोषक तत्वों से डाइट फॉलो करना। लेकिन अगर इस सब के बाद भी आपका वजन नहीं बढ़ रहा है, तो आपको इस स्थिति में फिटनेस एक्सपर्ट्स और न्यूट्रिशनिस्ट अपनी डाइट में कुछ सप्लीमेंट्स को जोड़ने का सुझाव भी देते हैं। लेकिन अक्सर हम देखते हैं कि लोग वजन बढ़ाने के लिए जंक, प्रोसेस्ड और ज्यादा ऑयली फूड्स का सेवन शुरू कर देते हैं। ऐसा करने से आपका वजन तो बढ़ सकता है, लेकिन यह स्वस्थ वजन नहीं है, बल्कि गंभीर बीमारियों की जड़ है। शरीर में स्वस्थ रूप से वजन बढ़ाने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है। स्वस्थ वजन धीरे-धीरे बढ़ता है और इसमें थोड़ा समय लगता है। हालांकि कुछ सप्लीमेंट्स को डाइट में शामिल करके आप अपनी वेट गेन जर्नी को थोड़ा तेज कर सकते हैं। लेकिन हम बाजार में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर या अन्य सप्लीमेंट्स की बात नहीं कर रहे हैं। प्रकृति ने हमें कुछ प्राकृतिक सप्लीमेंट्स प्रदान किये हैं, जो न सिर्फ



स्वस्थ रूप से वजन बढ़ाने में मदद करते हैं, बल्कि इनका सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद भी होता है, ऐसे ही दो आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां अश्वगंधा और शतावरी। वजन बढ़ाने के लिए आप दोनों का साथ में सेवन कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको अश्वगंधा और शतावरी से वजन कैसे बढ़ाएं, इसके बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**अश्वगंधा और शतावरी वजन बढ़ाने में कैसे फायदेमंद है :** अश्वगंधा और शतावरी सीधे तौर शरीर का वजन बढ़ाने में मदद नहीं करते हैं। हालांकि इनमें कुछ जरूरी पोषक तत्व गुण होते हैं, जो कई तरह से वजन बढ़ाने में मदद करते हैं। यह आपकी भूख बढ़ाने में मदद करते हैं और पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं। यह आपकी मांसपेशियों, हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और शरीर में एनर्जी लेवल को बढ़ाते हैं। यह वर्काउट के दौरान प्रदर्शन को बेहतर बनाने और मांसपेशियों को जल्दी रिकवरी में मदद करते हैं। इस तरह मांसपेशियों का तनाव भी कम होता है। आप जो कुछ भी खाते हैं वह आपके शरीर को लगता है। आप जल्दी-जल्दी खाते हैं और उनका पाचन, साथ ही पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है।

### अश्वगंधा और शतावरी से वजन कैसे बढ़ाए

वजन बढ़ाने के लिए आप अश्वगंधा और शतावरी का एक-एक चम्मच पाउडर दूध में मिलाकर पी सकते हैं। लेकिन आपको एक चीज का बहुत ध्यान रखना है कि आपको अधिक मात्रा में इसका सेवन नहीं करना है। साथ ही यह आपको संतुलित आहार के साथ में वजन बढ़ाने में मदद कर सकते हैं, लेकिन यह संतुलित आहार का कोई विकल्प नहीं है। आप सुबह खाली पेट या रात में सोने से पहले दूध या पानी में उबालकर भी इसका सेवन कर सकते हैं।

# गले में खराश और बलगम से छुटकारा दिलाएंगे यह घरेलू उपाय

मौसम में परिवर्तन हुआ नहीं कि लोग संक्रमणों की चपेट में आने लगते हैं, इनमें सर्दी-जुकाम, बुखार और खांसी जैसी समस्याएं बहुत आम हैं। जिसके कारण लोगों के गले में खराश और बलगम जमा होना शुरू हो जाती है। जिसके कारण लोगों को काफी असुविधा होती है। इसके कारण लोग लोगों को कुछ भी खाने पीने में भी परेशानी होती है। लोग पूरा समय गले में खर-खर करते हैं, खांसते समय बलगम भी आता है। गले में खराश और बलगम की समस्या दूर करने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं, साथ ही महंगे-महंगे कफ सिरप पीते हैं। लेकिन फिर भी कोई कोई आराम नहीं मिलता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, कुछ घरेलू उपायों की मदद से आप गले में खराश और बलगम से आसानी से छुटकारा पा सकते हैं?

**पुदीने के तेल का करें प्रयोग :** अगर स्टीमर में पानी डालकर और इसमें 2-3 बूंद पुदीना का तेल मिलाकर भाप लेते हैं, तो इससे गले की सिकाई होगी और सूजन दूर होगी। साथ ही गले की खराश में आराम मिलेगा। यह गले या छाती में जमा बलगम को ढीला करने और बाहर निकालने में भी प्रभावी है। दिन में 2-3 बार भाप जरूर लें।

**हर्बल चाय पिएं :** गले की खराश और बलगम दूर करने में तुलसी और अदरक की चाय बहुत प्रभावी है। क्योंकि दोनों ही कई औषधीय गुणों से भरपूर होती हैं। इनकी चाय सर्दी-खांसी, जुकाम की समस्या में बहुत लाभकारी है। आप इसमें शहद मिलाकर भी पी सकते हैं, इससे बहुत लाभ मिलेगा।

**काली मिर्च का करें सेवन :** आप गुनगुने पानी में काली मिर्च पाउडर और शहद मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं। यह बलगम को बाहर निकालने में बहुत लाभकारी है। ऐसा दिन में 2-3 बार करने से गले की खराश दूर होगी और बलगम से भी छुटकारा मिलेगा।

**2-3 बार करें गरारे :** गले की खराश और कफ के लिए यह सबसे प्रभावी नुस्खा है और सबसे आम नुस्खा भी। अगर आप गर्म पानी में सेंधा नमक मिलाकर 2-3 बार गरारे करें तो इससे आपको जल्द आराम मिल सकता है।



### काढ़ा बनाकर पिएं

आप कुछ मसाले और हर्ब्स जैसी काली मिर्च, दालचीनी, तुलसी, अदरक आदि को गर्म पानी में उबालकर, इसका काढ़ा बनाकर भी सेवन कर सकते हैं। काढ़े में शहद मिलाकर दिन में 2-3 बार सेवन करें, इससे बहुत लाभ मिलेगा।

## आज का राशिफल

### मेष

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### वृष

नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### मिथुन

भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### कर्क

किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### सिंह

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### कन्या

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### तुला

पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### वृश्चिक

यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### धनु

दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### मकर

स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कुंभ

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### मीन

घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

## इंडिया स्टोनमार्ट : सफल आयोजन के लिए गोविंद देवजी में किए दर्शन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में इंडिया स्टोन मार्ट 2026 में 5 में 8 फरवरी होने जा रहा है। इस सफल आयोजन की मंगल कामना के साथ सोमवार को आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने शहर के आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी आयोजकों ने भगवान से प्रदर्शनी के सफल, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक आयोजन की प्रार्थना की। गोविंद देवजी के चरणों में शीश नवाकर आयोजकों ने यह संकल्प व्यक्त किया कि इंडिया स्टोनमार्ट 2026 न केवल प्राकृतिक पत्थर उद्योग को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक, औद्योगिक और व्यापारिक पहचान को भी और अधिक सशक्त करेगा। आयोजकों का मानना है कि ईश्वर की कृपा और सभी सहयोगियों के समन्वित प्रयास से यह आयोजन उद्योग जगत के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस अवसर पर इंडिया स्टोन मार्ट 2026 के कन्वीनर नटवर अजमेरा, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री नरेश पारीक, सीडीओएस के वाइस चेयरमैन दीपक अजमेरा, राष्ट्रीय सचिव अंजू सिंह, राज्य कोषाध्यक्ष अरुण जाजोदिया, प्रांत महामंत्री सुनीता शर्मा, जयपुर हेरिटेज की अध्यक्ष रूपाली सक्सेना, अतिरिक्त महाप्रबंधक विवेक जैन एवं प्रकाश चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट 2026 को अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन बनाने के लिए तैयारियां पूरे जोश और प्रतिबद्धता के साथ की जा रही हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से देश-विदेश से आने वाले उद्योग विशेषज्ञों, खरीदारों और निवेशकों को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे स्टोन इंडस्ट्री को नई संभावनाएं और अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने आपसी समन्वय, टीमवर्क और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आयोजन को सफल बनाने का संकल्प दोहराया तथा सभी सहयोगी संस्थाओंए सहभागियों और स्टोन उद्योग से जुड़े लोगों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

## शिव पुराण कथा और श्रीमहा मृत्युंजय रुद्र महायज्ञ के कार्यालय का उद्घाटन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर परिवार सेवा समिति के बैनर तले श्री शिव पुराण कथा और श्री महा मृत्युंजय रुद्र महायज्ञ का आयोजन आगामी 20 से 26 मार्च तक मानसरोवर स्थित वीटी रोड मेला ग्राउंड पर किया जाएगा। इस मौके पर भारत के सुप्रसिद्ध शिव महापुराण कथावाचक, अनन्य शिवभक्त एवं प्रेरक आध्यात्मिक प्रवक्ता परम श्रद्धेय पं प्रदीप मिश्रा महाराज सीहोर वाले अपनी वाणी से जयपुरवासियों को शिव कथा सुनाएंगे। इस आयोजन के कार्यालय का उद्घाटन अरावली मार्ग मेला ग्राउंड के पास कथा के कार्यक्रम संयोजक व मुख्य यजमान ने विधि विधान व मंत्रोच्चारण के बीच किया। आयोजन समिति से जुड़े अखिलेश अत्री ने बताया कि महोत्सव के दौरान कलश यात्रा सहित कई आयोजन होंगे।

इस आयोजन को लेकर जयपुरवासियों में खासा उत्साह है। आयोजन की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। सभी संगठनों के सामूहिक प्रयास से यह आयोजन जयपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश के धार्मिक इतिहास में एक उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायी अध्याय स्थापित करेगा।

## प्रियुष हॉस्पिटल में अत्याधुनिक कैथ लैब शुरू

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर स्थित प्रियुष न्यूरो एंड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित कैथ लैब का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. योगेश गुप्ता ने कैथ लैब का उद्घाटन करते हुए बताया कि अब यहाँ कंप्लीट न्यूरो इंटरवेंशन, के साथ संपूर्ण न्यूरो उपचार एवं आधुनिक कार्डियो इंटरवेंशनल सेवाए उपलब्ध होंगी। डॉ. योगेश गुप्ता ने कहा कि इस अत्याधुनिक कैथ लैब के माध्यम से ब्रेन स्ट्रोक, ब्रेन एंजियोग्राफी, न्यूरो वैस्कुलर डिजीज, हार्ट एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, स्टेंटिंग, पेसमेकर इंप्लांटेशन तथा हृदय व मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं से संबंधित जटिल बीमारियों का इलाज अब कम समय में और अधिक सटीकता के साथ किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इस कैथ लैब में पतले कैथेटर और एडवांस्ड इमेजिंग सिस्टम का उपयोग किया जाता है, जिससे बिना बड़ी सर्जरी के न्यूनतम चीरे द्वारा उपचार संभव है।

इससे मरीज को कम दर्द, कम रक्तस्राव और शीघ्र स्वस्थ होने का लाभ मिलता है। सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मनोज गोदारा ने बताया कि नई कैथ लैब के शुरू होने से अब हॉस्पिटल में हाई-एंड कार्डियोलॉजी इंटरवेंशन की सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हो गई हैं। इसमें हार्ट एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, मल्टी-वेसल स्टेंटिंग, पेसमेकर इंप्लांटेशन, हार्ट के छेद की जाँच एवं उपचार, हार्ट अटैक के इमरजेंसी केस तथा जटिल हृदय रोगों का त्वरित इलाज शामिल है।

## अवकाश प्रतिबंध पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** 16वीं राजस्थान विधानसभा के पंचम सत्र को लेकर शासन सचिव द्वारा गुरुवार को सभी प्रकार के अवकाशों पर प्रतिबंध लगाने सम्बधी आदेश के बाद अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के अवकाश स्वीकृत नहीं किये जाने को लेकर राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने शिक्षा सचिव को पत्र लिखकर अवकाश प्रतिबंध पर स्थिति स्पष्ट करने का निवेदन किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने बताया कि विधानसभा सत्र को लेकर शिक्षा सचिव द्वारा जारी अवकाश प्रतिबंध आदेश के हवाले से अधिकारियों द्वारा आदेश की अपने स्तर पर व्याख्या कर शिक्षकों के अवकाश स्वीकृत नहीं किये जा रहे हैं। जबकि विधानसभा सत्र के दौरान विभिन्न सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए प्रत्यक्ष रूप से शिक्षकों की कोई भूमिका नहीं होती है।

इसलिए शिक्षकों के बजाय मंत्रालयिक कार्मिकों एवं अधिकारियों के अवकाशों पर ही रोक होनी चाहिये यही तर्क संगत है। शिक्षा सचिव द्वारा जारी आदेश में अधिकारियों एवं कार्मिकों के अवकाशों पर ही रोक लगायी गयी है। वहीं शाला दर्पण पर सभी सूचनाएं उपलब्ध होने के बावजूद भी अधिकारी वर्ग द्वारा शिक्षकों के अवकाश स्वीकृत नहीं किये जा रहे हैं जो अव्यवहारिक एवं शिक्षकों के मौलिक अधिकारों का हनन है। प्रदेश महामंत्री दयाल सिंह काजला ने बताया कि पत्र में विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्नों के उत्तर में प्रत्यक्ष रूप से शिक्षकों की भूमिका नहीं होने का हवाला देते हुए अधिकारियों को शिक्षकों के अवकाश पर रोक नहीं लगाने सम्बन्धी निर्देश प्रदान करने का निवेदन किया गया है।

# 28वां स्थापना दिवस मनाया

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर में बुद्ध एवं डॉ अम्बेडकर समारोह समिति के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 649 वीं जयंती और नव जाग्रत सामाजिक ट्रस्ट का 28वां स्थापना दिवस मेहतर धर्मशाला डॉ अम्बेडकर भवन भारत नगर में श्रीगोपाल चांवरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज एवं बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य वक्ता सरदारशहर उपखण्ड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने नशे से दूर रहने सहित समाज को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल रहने एवं समाज को एकजुट रहने की प्रेरणा दी।

विशिष्ट अतिथि महेंद्र कुमार कांटीवाल, कामगार समाज अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल, संरक्षक श्रवण कुमार सोडा, सीताराम जांगिड़, कृष्णचंद्र लोहरा, माणकचन्द पंवार, राजकुमार फौजी आदि मंचस्थ अतिथि रहे। मुख्य अतिथि एसडीएम आकाश हटवाल ने कहा शिक्षा वह शेरनी का दुध है जो पीयेगा वह दहाड़ेगा। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक सदस्यों और दानदाताओं जिन्होंने अपने आर्थिक सहयोग से समाज के विकासशील कार्य करवाये तथा समाज को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया उनका सम्मान किया गया। ट्रस्ट की ओर से सत्यपाल बौद्ध ने आगंतुक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पूर्व पार्षद लालचंद पंवार, भंवरलाल पेंटर, विनोद ढेनवाल, महेंद्र कुमार पंवार, राकेश कुमार पंवार, गौरीशंकर पंवार, वेदप्रकाश पंवार, हरिप्रसाद पंवार, राजेंद्र कुमार नोखवाल, विष्णु कुमार पंवार आईटीआई, राकेश कुमार पंवार, सोनु पंवार, सत्यपाल गौतम, जीतू अनिल कुमार सियोता, व्याख्यता रिखाराम तालणिया, फकीर चंद दानोदिया, संजय कुमार पंवार, वीरेंद्र कुमार बुनकर, पुर्णमल दानोदिया, के डी पठान, दौलतराम दायमा, जगदीश प्रसाद पंवार, राजेंद्र प्रसाद बबेरवाल, ओमप्रकाश सोडा, विष्णु कुमार पंवार, लाल मोहम्मद खां, राजकुमार, राजेंद्र कुमार बाकोलिया, डुंगर मल सोडा, अतुल सहित सैकड़ों प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजेन्द्र सारस्वत एवं एम आर मंडीवाल ने संयुक्त रूप से किया।

# दो माह में रिकवर किए पन्द्रह लाख के 83 मोबाइल



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस थाना जवाहर नगर जयपुर पूर्व ने गुम हुए मोबाइलों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पिछले दो महीनों में सीईआईआर पोर्टल की सहायता से 83 मोबाइल फोन रिकवर किए हैं। जिनकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है। सोमवार को पुलिस ने इन सभी मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द कर दिया।

### राजस्थान के बाहर से भी ढूंढ निकाले फोन

पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन ने बताया कि गुम हुए मोबाइलों को रिकवर करने के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल और सहायक पुलिस आयुक्त आदर्श नगर लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए 40 से अधिक मोबाइल राजस्थान के बाहर अन्य राज्यों से बरामद किए हैं ।

### सीईआईआर पोर्टल बना मददगार

थानाधिकारी महेश चन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में टीम ने थाने में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर प्रत्येक मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज किया । पोर्टल पर प्रतिदिन अपडेट चेक कर और वर्तमान उपयोगकर्ताओं से समझाइश कर इन्हें रिकवर किया गया। इस पूरी कार्यवाही में कांस्टेबल सियाराम की विशेष भूमिका रही। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर पीड़ितों के चेहरे पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# कॉलेज पर रोडवेज बसों का ठहराव सुनिश्चित करने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय सुजला महाविद्यालय की छात्र इकाई एसएफआई के गौरव स्वामी के नेतृत्व में एडीएम संतोष मीणा को ज्ञापन सौंपा है। नारायण शर्मा ने बताया कि रोडवेज बसों का महाविद्यालय के समीप बस स्टैंड पर नियमित रूप से संचालित हो और प्रत्येक बस यहां पर रूके, ऐसी व्यवस्था की जावे। बसों के नहीं रूकने से विद्यार्थियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया है कि 7 दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गयाए तो आंदोलनात्मक कदम उठाना पड़ेगा।

इस दौरान एस एफ आई जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश डूडी, डीवाईएफआई के सागर कांटीवाल, गंगा सिंह राठौड़, रोहित सिंह राठौड़, हिमांशु राठौड़, राजपाल सिंह राठौड़, श्याम सिंह राठौड़, कुलदीप सिंह राठौड़, हर्षवर्धन सिंह राठौड़, दीपक सिंह निर्वाण, पंकज दास, पंकज पुरोहित सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# पश्चिमी विक्षोभ का असर : कोटा-चित्तौड़गढ़ में बरसे बादल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सोमवार को कोटा, चित्तौड़गढ़ सहित प्रदेश के चार शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। दिनभर अधिकांश शहरों में बादल छाए रहे, जिससे तापमान में उतार-चढ़ाव देखा गया। प्रदेश के 10 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। 6.4 डिग्री के साथ पाली सबसे सर्द रहा, जबकि 28.5 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 16.8 डिग्री के साथ प्रतापगढ़ की रात सबसे गर्म रही। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में आगामी 2-3 दिन बारिश का दौर जारी रह सकता है। बारिश व ओलावृष्टि के बाद सोमवार सुबह कई शहरों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता 50 से 100 मीटर के बीच सिमट गई और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### 13 मिमी तक बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि रविवार को राज्य के दक्षिण-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। सर्वाधिक 13 मिमी बारिश भैंसरोडगढ़, चित्तौड़गढ़ में दर्ज की गई। कोटा और उदयपुर संभाग व आसपास के क्षेत्रों में मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियां अगले 2-3 दिन जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है। शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहेगा। वहीं उत्तर-पश्चिमी व पूर्वी राजस्थान में आगामी दो-तीन दिन कहीं-कहीं घना कोहरा छाने की आशंका है।

### जयपुर में कोहरे का असर

रविवार की बारिश के बाद जयपुर में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार सुबह आसपास के ग्रामीण इलाकों में घना कोहरा रहा, कई स्थानों पर दृश्यता 100 मीटर से भी कम रही। वाहन चालक लाइट जलाकर चलते नजर आए। दिन में बादलों के बीच धूप खिली। जयपुर में अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री दर्ज हुआ, जो 0.7 डिग्री बढ़ा, जबकि न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री रहा, जिसमें 2.3 डिग्री की गिरावट आई।

# त्योहारों को मनावें सद्भाव के साथ : मीणा

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शब, बारात व अन्य त्यौहारों को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन कोतवाली पुलिस थाने में किया गया। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बैठक में कहा कि त्यौहारों को सामाजिक सद्भाव के साथ मनावें और किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि हो तो पुलिस को जरूर सूचना देगें। इस अवसर पर शहर में कैमरों को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं नया बास के एक व्यक्ति ने बताया कि शिव शक्ति मंदिर के पास एक व्यक्ति दादागिरी से मोहल्ले को डराकर रखता है। कृपा करके उस पर कानूनी कार्यवाही की जावे। उन्होंने कहा कि मंदिर की कमेटी बनाकर उसका संचालन किया जाना चाहिए, न कि एक व्यक्ति मंदिर की संपति का मालिक बनकर व्यवहार करे। बैठक में रफीक खिची, बनवारीलाल भार्गव, दिनेश तंवर, प्रकाश सोनी, मदन सोनी, आदिल खान, मोहम्मद आबिद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## योजनाओं का ढिंढोरा ज्यादा जमीनी अमल बेहद सुस्त : सांसद ओला




संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ा मामला लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार के जवाब से स्पष्ट है कि आवास योजना का जमीनी क्रियान्वयन असंतुलित, धीमा और क्षेत्रीय असमानता से ग्रस्त है। सभी को आवास देने का दावा कागजों में ही कमजोर साबित हो रहा है। सांसद ओला ने कहा कि झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र की स्थिति चिंताजनक है। यहां कुल 2,743 आवास स्वीकृत हुए, लेकिन पिछले 7 वर्षों में केवल 1,757 आवास ही पूरे हो पाए हैं। यानी 1,000 से अधिक परिवार आज भी अपने पक्के घर की प्रतीक्षा में हैं। वर्षवार आंकड़े दर्शाते हैं कि 2017-18 से 2022-23 तक स्वीकृत सैकड़ों आवास वर्षों तक लंबित रहे। हर वर्ष वही आंकड़े दिखाए गए, जबकि निर्माण की गति बेहद धीमी बनी रही। राजस्थान स्तर पर भी स्थिति गंभीर है। राज्य में बीते 7 वर्षों में 1,38,379 आवास स्वीकृत बताए गए, जबकि अब तक केवल 89,382 आवास ही पूरे हो सके हैं। करीब 49,000 आवास आज भी अधूरे हैं। कई जिलों में वर्षों पहले स्वीकृत आवास अब तक पूरे नहीं हो पाए, जिससे योजना की धीमी गति उजागर होती है। सांसद ओला ने सरकार के इस दावे पर भी सवाल उठाया कि भुगतान, गुणवत्ता या देरी को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली। उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत इससे अलग है। लाभार्थी लगातार किस्तों में देरी, निर्माण की गुणवत्ता और समयसीमा को लेकर शिकायतें करते रहे हैं, लेकिन उन्हें दर्ज न करना या ऊपर तक न पहुंचने देना गंभीर सवाल खड़े करता है। सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने मांग की कि झुंझुनू सहित राजस्थान के सभी लंबित आवासों को मिशन मोड में शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही योजना की स्वतंत्र सामाजिक और तकनीकी जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि नए चरण के प्रचार से पहले पुराने लंबित आवासों का निर्माण पूरा किया जाना चाहिए।

## मिस डेजर्ट राजस्थान की मॉडल्स ने बिखेरा राजस्थानी रंग



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पांचवीं सॉफ्ट हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025-26 का भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता ने खेल प्रतिभाओं के साथ-साथ राजस्थान की समृद्ध संस्कृति को भी मंच प्रदान किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि राज्य वित्त आयोग राजस्थान अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता लीगल कमेटी इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की चेयरपर्सन सुनैना प्रकाश ने की। इस अवसर पर राजस्थान के सबसे बड़े ब्यूटी पेजेंट मिस डेजर्ट राजस्थान की भव्य उपस्थिति ने समारोह को और खास बना दिया। पेजेंट के आयोजक नरेंद्र कुमार गंगवाल एवं अरुण कुमार सिंह, जूरी मेंबर अमित कुमार खण्डेलवाल के साथ मौजूद रहे। वहीं मिस डेजर्ट राजस्थान की मॉडल्स मनीषा शर्मा, तमन्ना सैनी, दिलबर मीणा, अंतिमा कंवर और रितु राठौर ने पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में शिरकत कर कला, संस्कृति और विरासत की शानदार झलक प्रस्तुत की। जिसे उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। मिस डेजर्ट राजस्थान की संयोजक टीम दीपक अग्रवाल, पलक बंसल, वैदेही भार्गव और कशिश लाखन ने जानकारी दी कि पेजेंट का पहला ऑडिशन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। जबकि दूसरा ऑडिशन 22 फरवरी को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद कोटा, उदयपुर और जोधपुर में भी ऑडिशन आयोजित होंगे, जबकि प्रतियोगिता का भव्य फिनाले मार्च माह में आयोजित किया जाएगा।

## शब-ए-बरात आज, कब्रिस्तानों में उमड़ेंगे अकीदतमंद

**जयपुर ( नवयत्न )।** इस्लामी माह शाबान की शुरुआत हो चुकी है। शाबान की 15वीं तारीख की रात यानी मंगलवार 3 फरवरी को शब-ए-बरात अकीदत और एहतराम के साथ मनाई जाएगी। शब-ए-बरात को लेकर सोमवार को मस्जिदों, दरगाहों और कब्रिस्तानों में साफसफाई कराई गई। कब्रिस्तानों की विशेष सफाई कराई गई है, ताकि लोग अपने पूर्वजों की कब्रों पर जाकर फातिहा पढ़ सकें। कब्रिस्तानों में अपने पुरखों की मजारों पर पहुंचने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए कब्रिस्तान की कमेटियों ने लाइट का विशेष इंतजाम किया है। नगर निगम ने स्ट्रीट लाइट दुरुस्त कर दी है। हजरत मौलाना सूफी सैफुल्लाह कादरी ने बताया कि यह रात सिर्फ रस्म अदायगी की नहीं, बल्कि अपने गुनाहों से तौबा कर के अल्लाह से रिश्ता मजबूत करने की मुकद्दस रात है। अल्लाह तआला ने कुछ रातों को आम रातों से अलग दर्जा अता फरमाया है। उन्हीं मुकद्दस और बरकत वाली रातों में एक अजीम रात है शबे-बराअत, जो रहमत, मगफिरत और निजात की रात कही जाती है। कादरी ने अपील की कि इस रात गुस्ल कर पाक साफकपड़े पहन कर खुशबू लगाकर अल्लाह की इबादत में मशगूल हो। दरूद और सलाम की कसरत करें और अपने मरहूमीन के लिए दुआ-ए-मगफिरत करें। शबे बराअत में नफ्ल नमाजों की बड़ी फजीलत है। इस रात की गई इबादत अल्लाह की बारगाह में खास मकबूल होती है और बंदे की मगफिरत का सबब बनती है।

## गायों को खिलाया गुड़ व हरा चारा



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नाथोतालाब स्थित गोपाल गौशाला में स्व. लक्ष्मीनारायण कीलका की 24 वीं पुण्य तिथि पर गौसेवा की गई। राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक के नेतृत्व में लोगों स्व. लक्ष्मीनारायण कीलका के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की और गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर गौसेवा की। इस दौरान भूराराम गुलेरिया, शिवरतन, रामेश्वरलाल, डूंगरमल, लालचंद, गिरधारीलाल, निर्मल, शाहिद मेव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## होली-धुलंडी की तारीख अलग-अलग, चंद्र ग्रहण के साए में रंगों का पर्व

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के कैलेंडर में होली 2 मार्च को और धुलंडी 3 मार्च को है। जबकि भारत सरकार के कैलेंडर में होलिका दहन 3 मार्च को और धुलंडी चार मार्च को है। राजस्थान के बाहर के पंचांगों में भी यही स्थिति है। केन्द्र सरकार के कर्मचारी असमंजस की स्थिति में है। राजस्थान के सभी पंचांगों में होली दो मार्च को है लेकिन इस बार होलिका दहन के लिए लोगों को रात भर जागना पड़ेगा। क्योंकि भद्रा होने के कारण शाम को मुहूर्त नहीं है। ऐसे में मध्य रात्रि बाद 1:26 से 2:38 बजे भद्रा पुच्छ में होलिका दहन होगा। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि शास्त्रानुसार भद्रा यदि अगले दिन उषा काल तक होती है तो होलिका दहन भद्रा पुच्छ में करना चाहिए। तीन मार्च को रंगों का पर्व धुलंडी मनाया जाएगा। हालांकि इस दिन चंद्र ग्रहण होगा। अपराह्न 3:20 बजे से शाम 6:48 बजे तक ग्रहणकाल रहेगा। सुबह 6:20 से सूतक प्रारंभ होगा। ऐसे में इस बार सूतक में होली खेली जाएगी। विद्वानों के अनुसार रंगों की होली खेलने के लिए चंद्र ग्रहण का सूतक बाधक नहीं है।

## पार्श्व चयन परीक्षा 7 फरवरी को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जवाहर नवोदय विद्यालय, पाटन, जिला सीकर के प्राचार्य नारायण सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय, पाटन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 एवं कक्षा 11 में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय पार्श्व चयन परीक्षा-2026 का आयोजन शनिवार 7 फरवरी 2026 को सुबह साढ़े 10 बजे किया जाएगा। यह परीक्षा सीकर जिले के पाटन में निर्धारित दो परीक्षा केंद्रों जवाहर नवोदय विद्यालय, पाटन तथा जगन्नाथ दिवान राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पाटन पर आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को प्रातः 10 बजे अपने आवंटित परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करानी अनिवार्य होगी। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड साथ लाना आवश्यक है। परीक्षा से संबंधित अधिक जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है अथवा प्राचार्यए जवाहर नवोदय विद्यालय पाटन, जिला सीकर से संपर्क किया जा सकता है।

## राज्य बीमा पॉलिसी परिपक्वता दावे 10 तक ऑनलाईन भिजवाना अनिवार्य

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सीकर सरिता सैनी ने बताया कि समस्त राज्य कर्मचारी जिनका जन्म 1 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 के मध्य हुआ है, उनके जीवन पर जारी राज्य बीमा की पॉलिसी 1 अप्रैल 2026 को भुगतान के लिए परिपक्व होने जा रही है। ऐसे समस्त राज्य कर्मचारी अपने परिपक्वता दावे एवं पदस्थापन विवरण के लिए परिशिष्ट क (दोनों तरफ से), मूल बीमा पॉलिसी, बीमा पासबुक, रिकॉर्ड बुक, कैंसिल चेक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति तथा बीमेदार द्वारा बढ़ाई गई अंतिम बीमा कटौती से संबंधित अधिक घोषणा पत्र सहित आवश्यक समस्त दस्तावेज अपनी स्वयं की एसएसओ आईडी से एसआईपीएफ पोर्टल पर 10 फरवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर ऑनलाईन भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि स्वत्व राशि के भुगतान की कार्यवाही नियत समय पर की जा सके। उन्होंने बताया कि समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हुए शत-प्रतिशत ऑनलाईन आवेदन भिजवाया जाना सुनिश्चित कराएं।

## पैरालीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर की सचिव शालिनी गोयल ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों, जेल, जेजेबी पर स्थापित विधिक सेवा क्लिनिक एवं विभिन्न विधिक सेवा कार्यक्रमों के संचालन के लिए पैरालीगल वॉलिंटियर्स (अधिकार मित्र) की नियुक्ति की जाएगी। इसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर में 6 तथा तालुका स्तर पर तालुका विधिक सेवा समितियों-नीमकाथाना में 3, लक्ष्मणगढ़ में 5, फतेहपुर में 3, श्रीमाधोपुर में 4 एवं दांतारामगढ़ में रिक्त पदों हेतु सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदनकर्ता आवेदन-प्रपत्र जिला न्यायालय, सीकर की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर एवं संबंधित तालुका विधिक सेवा समिति के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। सीकर मुख्यालय के लिए आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर में तथा तालुका स्तर के लिए संबंधित तालुका विधिक सेवा समिति कार्यालय में व्यक्तिशः 7 फरवरी तक जमा कराए जा सकेंगे। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी। साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची, साक्षात्कार का स्थान एवं दिनांक की जानकारी जिला न्यायालय, सीकर की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

## बच्चों ने ली विभागीय कार्यप्रणाली की जानकारी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय संस्कार एकेडमी के बच्चों को आज शैक्षणिक भ्रमण के तहत विभिन्न सरकारी कार्यालयों का विजिट करवाई गई। सबसे पहले बच्चों ने पुलिस स्टेशन का भ्रमण किया। यहां पर पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। इसी प्रकार बिजली बोर्ड का भ्रमण किया गया।

नगर परिषद में बच्चों को शहर की सफाई, व्यवस्था और विकास से जुड़ी बातें बताई गईं। नगर नियोजक उदयसिंह, लोकेश जांगिड़ आदि से बच्चों ने सवाल पूछे और जवाब लेकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। इसी प्रकार राजकीय बगड़िया अस्पताल का भी भ्रमण किया। निदेशक देवीलाल प्रजापत द्वारा किया गया के मार्गदर्शन में यह विजिट करवाई गई। इस दौरान कविता, मानकचंद आदि स्टाफसदस्य भी मौजूद रहे।



## विद्यार्थियों को जूते-जुराब वितरित

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ब्लॉक की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिहोडी के कक्षा 1 से 5 तक के सभी विद्यार्थियों को किसान युवा संगठन के तहसील अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कुमार डोडवाडिया व उनकी टीम द्वारा जूते एवं जुराब वितरित किए गए। किसान युवा संगठन तहसील टीम साथी सुरेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य उनकी टीम द्वारा पिछले तीन वर्षों से लगातार किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुलदीप, योगेन्द्र सिंह जाट, ओमप्रकाश मोर्य, राकेश मिश्रा, प्रीतम सिंह सहित समस्त स्टॉफ व टीम के साथी नरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, राहुल तथा अनेक जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## यूजीसी कानून के विरोध में क्षत्रिय विकास संस्थान ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** यूजीसी कानून के विरोध में क्षत्रिय विकास संस्थान तारानगर ने सोमवार को उपखण्ड अधिकारी तारानगर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी कानून को रद्द करने या उसमें संशोधन करने तथा पंचायतीराजनिकाय चुनाव में ईडब्ल्यूएस वर्ग को 10:आरक्षण की व्यवस्था करने की मांग की। इस मौके पर संस्थान अध्यक्ष एडवोकेट गजराज सिंह राजवी, एडवोकेट राजेंद्र सिंह न्यांगली महामंत्री, कैप्टन करणी सिंह राठौड़, कैप्टन दयाल सिंह कालोडी, प्रह्लाद सिंह राजवी, लक्ष्मण सिंह खींची, एडवोकेट जितेंद्र सिंह राठौड़, एडवोकेट आशीष शर्मा, एडवोकेट रविंद्र सिंह राठौड़, एडवोकेट मुकेश शर्मा, एडवोकेट सूरज राठौड़, रणजीत सिंह सातमिल भूपेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह राठौड़ करणी सेना तहसील अध्यक्ष, अंकित सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



## शिक्षक द्वारा शिक्षण सामग्री भेंट

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नं तीन स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के जरूरतमंद बच्चों को स्कूल के शिक्षक ओमप्रकाश डिग्रवाल द्वारा शिक्षण सामग्री वितरित की गई। सोमवार को शिक्षक डिग्रवाल द्वारा स्कूल के 24 बच्चों को पैन, कॉपी व रंग के पैकेट भेंट किए गए। इस दौरान उन्होंनें बच्चों को निःशुल्क गणवेश व स्कूल बैग भेंट करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर स्कूल स्टॉफ सहित बच्चों के परिजन भी मौजूद रहे।

## पेयजल लाइन में फंसी पेड़ की जड़ निकाली

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के वार्ड संख्या 35 में पिछले कुछ समय से बाधित चल रही पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान सोमवार को जलदाय विभाग की त्वरित कार्रवाई से हो गया। वार्ड की मुख्य पाइपलाइन में फंसी एक विशाल जड़ के कारण जलापूर्ति ठप पड़ी थी, जिसे विभाग की टीम ने मशक्कत के बाद बाहर निकाला। वार्ड पार्षद मांगीलाल प्रजापत ने क्षेत्र में पानी की समस्या को देखते हुए जलदाय विभाग की जेईएन रेखा गौड़ को वस्तुस्थिति से अवगत करवाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जेईएन ने तुरंत तकनीकी टीम को मौके पर भेजा। जांच के दौरान पता चला कि मुख्य पाइपलाइन के भीतर पेड़ की जड़ें घुस गई हैं। विभाग के कर्मचारियों ने जब लाइन को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया तो पाइप के भीतर से लगभग एक मीटर लंबी पेड़ की जड़ निकली। इसी जड़ की वजह से पानी का प्रवाह पूरी तरह बाधित था और वार्ड के कई घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा था। जड़ निकालने के बाद लाइन को सूचारू किया गया, जिससे वार्ड वासियों ने राहत की सांस ली।

### वार्ड वासियों ने जताया आभार

**कार्य के दौरान पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार प्रजापत, प्रदीप महिया, विनोद न्योल, श्यामलाल ऐचरा और जगु मीरासी सहित वार्ड के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। समस्या का त्वरित समाधान होने पर वार्ड वासियों ने पार्षद मांगीलाल प्रजापत और जलदाय विभाग का आभार व्यक्त किया।**



## रक्तदान शिविर आयोजित

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे के भैरूजी मोड स्थित श्री श्याम पैलेस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विशाल रक्तदान शिविर में रक्तदान के लिए लोगों का हुजूम उमड पडा। इस दौरान 226 युनिट रक्तदान हुआ। संयोजक पिन्टू हरितवाल ने बताया कि जन्मदिन पर युवाओं में प्रेरणा प्रदान करने के लिए विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान में आमजनों में चेतना आये इसके लिए शिविर लगाया गया। शिविर में रेनवाल ब्लड बैंक की टीम ने दिन भर में 226 यूनिट रक्त का संग्रहण किया। रक्तदान के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान कमलेश राकेश आजाद हरितवाल करण धायल, बंशीधर भंवर मदन लाल, राहुल यादव सहित अनेक लोग मौजूद थे।



## स्वतंत्रता सेनानी सैनी की पुण्यतिथि मनाई



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्रीमाधोपुर के प्रथम प्रधान और स्वतंत्रता सेनानी बालूराम सैनी की सातवीं पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। पुण्यतिथि स्मारक स्थल बालूराम का कुआं पुष्प नगर श्रीमाधोपुर किया गया। कार्यक्रम में स्वर्गीय सैनी के द्वारा किए कार्यों में योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके आदर्श पर चलने वाले के लिए प्रेरित किया गया।

पुण्यतिथि कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों ने बालूराम को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में डॉक्टर माधव सिंह ने पुष्प, धूप, अगरबत्ती करके की। इस अवसर पर उदय शंकर सैनी, हरि शंकर सैनी, दिनेश कटारिया, राजू बागवान, ओमप्रकाश सैनी, दिनेश सैनी हलवाई, ललित सैनी, विनेश सैनी पार्षद, महेश सैनी, हेमंत महाराज, भगवान सहाय सैनी, सुरेंद्र सैनी, विजय कुमावत, हितेश सैनी, शीशराम गुर्जर, राहुल सैनी, बाबूलाल यादव, कैलाश सैनी, अरविंद सैनी, दीपक सैनी, आनंद सैनी, मंजू देवी, मनदीप सैनी, दीपा सैनी, जागृति सैनी, विमला देवी, संबंध सैनी, किरण सैनी आदि उपस्थित थे। इस मौके पर श्रीराम नंदी गौशाला सती वाला जोहड़ा हांसपुर में हरा चारा व गोसवामणी कर स्वर्गीय स्वतंत्रा सेनानी की पुण्यतिथि मनाई गई।

## सालासर रोड पर ट्रोमा सेंटर की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नगरपरिषद की नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट जयश्री दाधीच ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक ज्ञापन सौंपकर सालासर रोड़ पर ट्रोमा सेंटर स्वीकृत करने की मांग की है। ज्ञापन में जयश्री दाधीच ने बताया है कि आए दिन क्षेत्र में दुर्घटनाएं सामने आती हैं, अतः व्यापक जनहित को मध्यनजर रखते हुए सालासर रोड़ पर सुव्यवस्थित ट्रोमा सेंटर स्वीकृत किया जावे।

## फर्जी परिवाद के मामले में जांच कर रही पुलिस

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेता संतोष मेघवाल के नाम से सचिवालय में कथित फर्जी परिवाद देने के मामले में पुलिस जांच कर रही है। मामले में कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि संतोष मेघवाल से इस बारे में जानकारी चाहने पर उन्होंने साफ इंकार कर दिया कि उनके द्वारा ऐसा कोई भी परिवाद दायर नहीं किया गया है। मेरे नाम से किसी ने फर्जी परिवाद पेश किया है। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि पुलिस की जांच चल रही है और अन्य जानकारियां और साक्ष्य जुटाये जा रहे हैं और परिवाद प्राप्त होने के माध्यम के बारे में पुलिस तफ्तीश कर रही है।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारियों के लिए बैठक आयोजित

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुरलीपुरा क्षेत्र की देवधारा बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन दिन अपराह्न तीन बजे से रामेश्वरधाम कॉलोनी स्थित महेश पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर विकासनगर स्थित श्री राधा कृष्ण शिव मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विकास समितियों के पदाधिकारियों के अलावा सभी दस कॉलोनियों के लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अनेक सुझाव दिए। इसमें मातृ शक्ति को अधिकाधिक संख्या में जोडना प्रभातफेरी निकालना, घरों पर भगवा ध्वज फहराना, वाहन रैली निकालना प्रमुख है। सभी ने सुझावों का अनुमोदन किया। विराट हिंदू सम्मेलन में संतों और शहीदों के परिजनों का सान्निध्य प्राप्त होगा। सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए हिंदू समाज के सभी वर्गों के लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। भगवान शिव और पार्वती का विवाह, भस्म आरती मुख्य झांकी होगी। महिलाएं घर से दीपक लाकर भगवान शिव-पार्वती के स्वरूप की झांकी उतारेगी। इस मौके पर संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ भी होगा। हिंदू दर्शन पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। पूर्व संध्या पर 14 फरवरी को सुबह वाहन रैली निकाली जाएगी। लोगों के घर-घर जाकर पीले चावल देकर आमंत्रण दिया जाएगा।

## सरिस्का के जंगल में बाघ से भिड़ी बाघिन, मौत : 5 साल की टाइग्रेस के शरीर पर मिले बड़े घाव; टेरिटरी को लेकर भिड़े दोनों

अलवर।



सरिस्का के जंगल में टेरिटरी को लेकर बाघ-बाघिन में लड़ाई हो गई। इसमें बाघिन स्त्र-28 की मौत हो गई। बाघिन का 24 घंटे पुराना शव सोमवार को ग्रामीणों ने देखा तो सूचना दी। इसके बाद वन विभाग और डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची। बाघिन के शरीर के पिछले हिस्से पर 2 बड़े घाव थे और कुछ घाव छोटे थे। 3 डॉक्टरों की टीम ने बाघिन का पोस्टमॉर्टम किया। दोपहर बाद बाघिन का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बाघिन का शव 1 दिन पुराना सरिस्का के सीसीएफ संग्राम सिंह ने बताया - टेरिटरी को लेकर हुई फाइट में बाघिन स्त्र-28 की मौत हो गई। उसकी टेरिटरी सुकोला के आस-पास थी। शव अकबरपुर रेंज पृथ्वीपुरा बीट के डाबली वन क्षेत्र में मिला है। प्रारंभिक तौर पर टेरिटरी को लेकर बाघिन की दूसरे बाघ के साथ फाइट में मौत होना सामने आया है।

बाघिन का शव 1 दिन पुराना है, उसके शरीर पर कीड़े नहीं थे। बालेटा नाका पर ही 3 डॉक्टरों की टीम ने बाघिन का पोस्टमॉर्टम किया।

बाघिन के शरीर के पिछले हिस्से पर 2 बड़े घाव मिले, जबकि शरीर पर कुछ छोटे घाव भी थे। दोपहर बाद डाबली वाले जंगल, कलाकड़ी चौकी में वन विभाग के अधिकारियों, पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## साईमय हुई जयपुर नगरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर शहर में सोमवार को साईं बाबा का धूमधाम से पाटोत्सव मनाया। यह आयोजन बापू नगर के मोती पार्क में स्थित साई बाबा मंदिर प्रांगण में हुआ। इस दौरान साई बाबा का विशेष श्रृगांर किया और फुल बगले की झांकी सजाई गई। आयोजन से जुड़े श्वेता शर्मा ने बताया कि महोत्सव के दौरान दो फरवरी की सुबह 9 बजे से पादुका पूजन हुआ। यह पूजा-अर्चना दो घंटे तक चली। साथ ही बाबा को 56 भोग अर्पित किए गए । वहीं मध्यान्ह आरती के बाद भंडारा प्रसादी शुरू हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में भक्त पंगत में बैठकर प्रसादी पाई। इस बीच साई भक्ति संध्या का आयोजन भी हुआ। इस दौरान मालवीय नगर भाजपा विधायक काली चरण सराफ सहित हजारों की सख्या में श्रृद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजक श्वेता शर्मा ने बताया कि श्री साईं धाम के 20वें स्थापना दिवस पर दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत एक फरवरी को काकड़ यात्रा व मंगल स्नान के साथ हुई थी। पहले दिन एक फरवरी को काकड़ आरती व मंगल स्नान और हवन किया गया।

# अवैध गैस रिफिलिंग कारोबार का भंडाफोड़ : 222 गैस सिलेंडर किए जब्त

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ऑपरेशन प्रवर्तन के तहत जयपुर जिले में अवैध गैस रिफिलिंग एवं अनधिकृत गैस कारोबार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम को प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष सतर्कता दलों का गठन किया गया। चार अलग-अलग स्थानों पर की गई इन कार्रवाइयों में मौके से कुल 222 घरेलू गैस सिलेंडर, 02 व्यवसायिक गैस सिलेंडर, 02 पिकअप वाहन, 02 मोटरसाइकिल, 23 अप्रमाणित छोटे गैस सिलेंडर, 01 रिफिलिंग जुगाड़, 02 इलेक्ट्रॉनिक कॉटा, 03 बांसुरी एवं 01 रेगुलेटर मय पाइप जब्त किए गए। अवैध गतिविधियों में संलिप्त 05 व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में गठित सतर्कता दलों द्वारा जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध गैस रिफिलिंग के मामलों का पर्दाफाश किया गया। श्री चारण द्वारा तत्काल प्रभाव से चार विशेष सतर्कता दल गठित किए गए, जिनके माध्यम से अलग-अलग समय पर अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की गई। सतर्कता दल द्वारा जनता नगर राकड़ी सोडाला जयपुर में दबिश दी गई, जहां अवैध परिवहन, क्रय-विक्रय एवं अनधिकृत व्यापार की पुष्टि होने पर 110 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 01 पिकअप वाहन जब्त किए गए तथा 01 व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सतर्कता दल बी द्वारा प्लॉट नंबर 42-बीए 43- जमना विस्तार, सुशीलपुरा, सोडाला जयपुर में दबिश दी गई, जहां से 49 खाली एवं 48 भरे घरेलू गैस सिलेंडर, 02 व्यवसायिक गैस सिलेंडर, 02 मोटरसाइकिल एवं 01 पिकअप वाहन जब्त किए गए तथा 02 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सतर्कता दल सी द्वारा उस्मान भाई प्लास्टिक स्टोर, चौधरी पब्लिक स्कूल के सामने, राकड़ी, सोडाला जयपुर में कार्रवाई करते हुए मौके से 02 घरेलू गैस सिलेंडर, 08 अप्रमाणित छोटे सिलेंडर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कॉटा, 02 बांसुरी एवं 01 रबर पाइप जब्त किए गए तथा 01 व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सतर्कता दल डी द्वारा सौरव गृह संग्रह, चौधरी पब्लिक स्कूल के सामने, राकड़ी, सोडाला जयपुर में दबिश दी गई, जहां से 13 घरेलू गैस सिलेंडर, 15 अप्रमाणित छोटे सिलेंडर, 01 रेगुलेटर मय पाइप, 01 बांसुरी, 01 इलेक्ट्रॉनिक कॉटा एवं 01 रिफिलिंग जुगाड़ जब्त किया गया तथा 01 व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

# छोटी काशी जयपुर से निकली खाटूश्याम की शाखाएं

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में लाखों श्याम भक्त, सैकड़ों श्यामसेवी संस्थाएं और एक दर्जन से अधिक श्री श्याम प्रभु के मंदिर स्थापित हैं। लेकिन करीब 60-65 वर्ष पूर्व छोटीकाशी जयपुर में श्याम प्रभु को जानने वाले भक्तों की संख्या अत्यंत सीमित थी। ऐसे समय में पं. गोकुलचंद्र मिश्र वह प्रथम श्याम भक्त थे, जिन्होंने जयपुर में श्याम प्रभु के मंदिर की स्थापना कर घर.घर बाबा की ज्योति प्रज्ज्वलित की। पं. गोकुलचंद्र मिश्र ने वर्षों तक खाटू धाम स्थित श्री श्याम प्रभु के निज मंदिर में समर्पित भाव से पूजा-अर्चना की। वे खाटू धाम के प्रथम पुजारी के रूप में भी प्रतिष्ठित रहे। अस्वस्थता के कारण उन्हें जयपुर आना पड़ा, किंतु उनका हृदय सदैव खाटू धाम में श्याम प्रभु के चरणों में ही समर्पित रहा। जैसे दीपक को लौ से अलग नहीं किया जा सकता, वैसे ही भक्त को भगवान से अलग नहीं किया जा सकता। इस भाव को उन्होंने अपने जीवन से साकार किया। जयपुर आगमन के बाद वे रामगंज बाजार स्थित कांवटियों का खुर्रा में अपने निवास पर घंटों श्याम प्रभु की भक्ति में लीन रहते थे। उस काल में जयपुर में श्याम प्रभु के प्रति भक्ति भावना अत्यंत सीमित थी। ऐसे समय में पं. गोकुलचंद्र मिश्र ने सर्वप्रथम श्याम प्रभु की ज्योति प्रज्जवलित की। अपने मित्रों-आलूसिंहनिज मंदिर, खाटू धाम, राधेश्याम सर्राफ, देवीसहाय खाटू वाले एवं मांगीलाल सारड़ा के सहयोग से उन्होंने वर्ष 1966 में अपने निवास स्थान कांवटियों का खुर्रा, रामगंज बाजार में श्री श्याम प्राचीन मंदिर की स्थापना की। यही मंदिर आज जयपुर में श्याम भक्ति की आधारशिला के रूप में जाना जाता है।

## श्री श्याम सत्संग मंडल से निकली अनेक शाखाएं

श्याम प्रभु की भक्ति को जन.जन तक पहुंचाने के लिए श्री श्याम सत्संग मंडल की स्थापना की गई, जिसकी आज जयपुर भर में अनेक शाखाएं कार्यरत हैं। पंण् गोकुलचंद्र मिश्र द्वारा प्रज्वलित की गई भक्ति ज्योति आज संपूर्ण जयपुर में दैदीप्यमान हो रही है। मंदिर के महंत एवं पं. गोकुलचंद्र मिश्र के पौत्र पं. लोकेश मिश्रा ने बताया कि प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को मंदिर का पाटोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाता है। फाल्गुन सुदी पंचमी को निशान पूजन तथा फाल्गुन सुदी षष्ठी को पदयात्रा निकाली जाती है, जो जयपुर की सबसे पुरानी और सबसे विशाल श्याम पदयात्रा के रूप में प्रसिद्ध है।

## एकादशी को सत्संग-कीर्तन

श्री श्याम सत्संग मंडल संस्था के अध्यक्ष अशोक मिश्रा एवं कुंज बिहारी आभासवाले के नेतृत्व में प्रत्येक एकादशी, पूर्णिमा एवं अमावस्या को मंदिर परिसर में कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्त भाग लेते हैं।

# रंग-रंगीलो फाल्गुण शुरूः जमेगी रंगों की धमाल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हिंदू पंचांग का अंतिम महीना फाल्गुन मास सोमवार से आरंभ हो गया। फाल्गुन मास में ग्रामीण अंचल में ढप-चंग की थाप पर होली की धमाल सुनाई देगी। मंदिरों में फागोत्सव के आयोजन होंगे। बरसाना की लठमार होली और फुलों की होली खेली जाएगी। इसी माह महाशिवरात्रि, आमलकी एकादशी एवं होली जैसे प्रमुख पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाए जाएंगे। यह मास भगवान शिव-माता पार्वती तथा भगवान श्रीकृष्ण की उपासना, आराधना एवं दान-पुण्य के लिए विशेष महत्व रखता है। ज्योतिषाचार्य पं. सुरेन्द्र गौड़ ने बताया कि फाल्गुन मास में धार्मिक अनुष्ठान, व्रत-उपवास एवं पुण्य कर्म करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। फाल्गुन कृष्ण पक्ष में 8 फरवरी को भानु सप्तमी, 12 फरवरी को महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती, 13 फरवरी को विजया एकादशी, 14 फरवरी को प्रदोष व्रत तथा 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। वहीं फाल्गुन शुक्ल पक्ष में 19 फरवरी को फुलेरा दूज पर विवाह का अबूझ मुहूर्त रहेगा। 27 फरवरी को आमलकी एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम का मेला भरेगा। फाल्गुन मास का समापन 3 मार्च को होली पर्व के साथ होगा।

# बैठक 6 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि आगामी पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 की पूर्व तैयारियों के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 6 फरवरी को सायं 4 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में बैठक आयोजित की जायेगी।

# लज्जा भंग करने के कोशिश आरोप में पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर मुकदमा हुआ दर्ज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नया बास स्थित शिव शक्ति मंदिर के पास रविवार की शाम को हुई मारपीट की घटना का विडियो शोसल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। इस विडियो में पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल गाली गलोच करते और एक वृद्ध व्यक्ति के गिरेहबान पर हाथ डालते हुए नजर आ रहे हैं। उसके बाद विडियों में मारपीट दिखाई देती है और कुछ देर बाद एक महिला भी पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल पर चप्पल फेंकते हुए नजर आई। कुल मिलाकर 2 मिनट और 44 सैंकड के विडियों में महिलाएं महावीर पोसवाल से उलझती हुई भी नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि पूरा मामला स्पीकर की आवाज कम करने की बात को लेकर हुआ। वहीं इस मामले का विडियो शोसल मीडिया पर आग की तरह फैल गया।



## राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ महिला ने दर्ज करवाया मुकदमा

स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में एक पीड़ित महिला ने रिपोर्ट देकर बताया है कि 1 फरवरी की शाम को सो चार, पांच बजे सुनील कुमार निवासी हरियाणा ने मेरे साथ अश्लील हरकतें की और मेरा हाथ पकड़कर बांथ में भर लिया व छेड़छाड़ करने लगा। तब मैंने हल्ला मचाया तो मोहल्ले की अन्य औरतें आ गई। इसके बाद सुनील कुमार भागकर गया और महावीर पोसवाल को बुलाकर लाया। पीड़िता का आरोप है कि महावीर ने आते ही मुझे बांथ में भर लिया और कहा कि मैं गिरा हुआ आदमी हूंए मैं तुम्हें बताता हूं कि अश्लील हरकतें क्या होती हैं। प्रार्थिया का आरोप है कि वह मुझे मेरे निजी अंगो में छूने लगा और अश्लील हरकतें करने लगा। मैं चिल्लाई तो मोहल्ले के अन्य लोग एकत्रित हो गए। पुलिस ने महावीर पोसवालए, सीताराम गुर्जर, सुनील कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हमारा मुकदमा दर्ज नहीं कर रही पुलिस

वहीं आरोपी सुनील कुमार की ओर से मुकदमा दर्ज करवाने का प्रयास किया गया। लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं होने पर महावीर पोसवाल के नेतृत्व में कुछ लोग थाने पर शाम को धरने पर बैठ गए। पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने बताया कि कार्यालय प्रभारी के पास महिलाएं आई और उनके साथ बदतमीजी की और तोड़फोड़ की और कर्मचारियों के साथ मारपीट की। उन्होंने कहा कि मुझ पर हमला किया गया और हम लोग हमारा मुकदमा दर्ज करवा रहे है, लेकिन कोतवाली सीआई मुकदमा दर्ज नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने एक तरफा कार्यवाही की है।

## इनका कहना है

कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि मामले को लेकर पीड़िता की ओर से मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है। प्रतिपक्ष का मामला दर्ज नहीं करने के आरोप पर सीआई ने बताया कि घटना को लेकर पहले से ही एक मामला दर्ज कर लिया गया है, उसकी जांच में सब कुछ सच्चाई सामने आ जाएगी। एक ही घटना को लेकर अनेक मुकदमे दर्ज नहीं किए जाते।

# हाथों में निशान लेकर खाटू के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फाल्गुन मास के अंदर जयपुर से खाटू श्याम के लिए पदयात्राओं का दौर शुरू हो चुका है इसी कड़ी में बाबा हरिशचंद्र मार्ग कानजी पुरोहित जी की गली से म्हारी झोपड़ी पधारो श्याम संस्था की ओर से 24वीं विशाल पदयात्रा रवाना हुई । यात्रा संयोजक राजकुमार कुमावत, राजकुमारी कुमावत ने बताया की बाबा श्याम के निशान की पूजा अर्चना कर मोरपंखी धारण करा कर महामंडलेश्वर बालमुकुंद आचार्य महाराज के सानिध्य में बाबा श्याम के रथ और निशान की पूजा अर्चना कर यात्रा को रवाना किया । यात्रा में स्त्री पुरुष हाथों में निशान लेकर बाबा श्याम के जयकारे लगाते नाचते गाते खाटू धाम के लिए रवाना हुए। यात्रा में चांदपोल हनुमान मंदिर के सेवक नरेश दाधीच मौजूद रहे। यह यात्रा 4 फरवरी को खाटू धाम पहुंचकर लखदातार की पूजा अर्चना के साथ बाबा श्याम के चरणों में ध्वज अर्पित किए जाएंगे । संस्था की ओर से 24 और 25 फरवरी को गोविंदगढ़ के ग्राम ढोढसर सीकर रोड पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा । 25 फरवरी को भजन संध्या का आयोजन होगा । बाबा श्याम का आकर्षक फूलों का दरबार सजाया जाएगा।



# सीकर व्यापार संघ महिला प्रकोष्ठ ने किया वसुंधरा का स्वागत

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा की रास्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्य मंत्री वसुंधरा राजे के आज सीकर आगमन पर जगह.जगह उनका स्वागत किया गया स्वागत की कड़ी में बढ़ाढर होटल हवेली पर सीकर व्यापार संघ महिला प्रकोष्ठ तथा भाजपा महिला मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत किया गया सीकर व्यापार संघ महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सोनू सोनी व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनिता शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ उपा अध्यक्ष वंन्दना राठोड उपाध्यक्ष ज्योति सोनी महामंत्री दीपीका शर्मा सचिव मनीषा स्वामी सहित महिला मोर्चे की सदस्य व व्यापार प्रकोष्ठ की महिलाओ ने गर्मजौशी से पूर्व मुख्य मंत्री राजे का स्वागत किया इस अवसर पर सीकर व्यापार संघ की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनू सोनी ने व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं के बारे में वसुंधरा को अवगत कराया वही भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता शर्मा ने पार्टी की गतिविधियों पर चर्चा की स्वागत सत्कार से गदगद हुई वसुंधरा ने कहा कि पार्टी को अपनी मां समझकर समर्पण भाव से कार्य करें ताकि पार्टी को और ज्यादा मजबूती मिल सके उन्होंने कार्यकर्ता को पार्टी के लिए रीड की हड्डी बताते हुए एकजुटता का आह्वान किया



# अतिक्रमण हटाने की मांग

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सार्वजनिक स्थान से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने उपखंड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार असलम खान को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड नं. 48 में पंचायत समिति के पास स्थित एफसीआई गोदाम के पास कचरा व पत्थर डालकर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इसलिए अतिक्रमण को हटाकर आम जनता को राहत प्रदान की जावे।

# तीन वर्षीय बच्ची की हुई सफल हार्ट सर्जरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर शहर के एपेक्स हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने चित्तौड़गढ़ से आई एक तीन वर्षीय बच्ची के जटिल हृदय रोग की सफल सर्जरी कर उसे नया जीवन देने में सफलता हासिल की है। हॉस्पिटल के कंसल्टेंट सीटीवीएस डॉ. राहुल कुमार भुकर के निर्देशन में यह जटिल सर्जरी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत सफलतापूर्वक पूर्णतया निःशुल्क की गई। डॉ. भुकर ने बताया कि बच्ची साइनोटिक कन्जेनाइटल हार्ट डिजीज के अंतर्गर टेट्रालोजी ऑफ फेलो की समस्या से जूझ रही थी। इसमें बच्ची के हार्ट के दोनों पम्पिंग चेम्बर के बीच में बडा छेद था एवं दांयी पम्पिंग चेम्बर से फेफड़ों में जाने वाली ब्लड वेसल भी काफी सिकुडी हुई थीए ऐसे में डिऑक्सीजनेट ब्लड सप्लाई होने के कारण बच्ची के नाखून एवं होंठ नीले दिखते थे एवं सांस फलना, खाना ना खा सकने जैसी कई समस्याओं से बच्ची जूझ रही थी। डॉ. भुकर ने बताया कि बच्ची की इन्ट्रा कार्डियक रिपेयर सर्जरी की गई। इसमें ना सिर्फ छेद को बंद किया गया बल्कि नस, पल्मोनरी वॉल और आर्टरी को रिकंस्ट्रक्ट किया गया। उन्होंने बताया कि करीब पांच घंटे तक सर्जरी चली एवं बच्ची को पांचवे दिन डिस्चार्ज कर दिया गया।

अस्पताल के निदेशक डॉ. सचिन झँवर ने बताया कि अस्पताल में उपलब्ध अत्याधुनिक नवीन तकनीकों एवं एक्सपर्ट चिकित्सकों की टीम के चलते इस तरह के जटिल इलाज भी सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं।

# हथियार के साथ चार शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने जयपुर शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन के तहत सांगानेर थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध हथियारों के साथ चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद की गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि सीएसटी ने जयपुर शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन के तहत सांगानेर थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध हथियारों के साथ प्रशांत बघेल, पवन फौजदार, सौरभ शर्मा और विष्णु बघेल को गिरफ्तार किया गया है। जो मूलतः भरतपुर के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह जगतपुरा फाटक के पास एक होटल में रुके थे और लूट की नीयत से घूम रहे थे लेकिन मौका नहीं मिल पाया। सांगानेर थानाधिकारी लिखमाराम ने बताया कि मुख्य आरोपी प्रशांत ने यह देशी कट्टा और कारतूस कपिल निवासी मथुरा यूपी से खरीदा था। आरोपी अब इस हथियार को अपने साथी सौरभ को बेचने की फिराक में थे। ताकि रुपए लेकर वापस भरतपुर जा सकें। पुलिस के अनुसार हथियार सप्लाई करने वाले कपिल के खिलाफ पहले से ही लूट, मारपीट और आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की। साथ ही उनके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी फिरौती, रंजिश अथवा किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे या नहीं। इस कार्यवाही में थानाधिकारी लिखमाराम, सउनि नरेश कुमार, हेड कांस्टेबल कृष्ण लाल, कांस्टेबल शंकर लाल, दीपक और विष्णु कुमार की अहम भूमिका रही।

# मारपीट का मामला दर्ज

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** साइड की बात को लेकर एक व्यक्ति के साथ पांच-छह लोगों ने एकराय होकर मारपीट की तथा उसकी गाड़ी में रखे करीब 80 हजार रुपए भी निकाल लिए। इस आशय का मुकदमा पुलिस थाने में दर्ज हुआ है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार झुंझुनू जिले के गांव लूमास का बास निवासी सुरजीतसिंह ने रिपोर्ट दी कि वह 19 जनवरी की रात वह अपनी गाड़ी में बीरमसर पहाड़ी पर माल लोड करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान सामने से एक डंफर आया जिससे साइड की बात को लेकर बोलचाल हो गई। डंफर चालक ने फोन पर गाड़ी मालिक को मौके पर बुला लिया। थोड़ी देर बाद एक कार आई, जिसमें पांच-छह लोग सवार थे।


**RAJASTHAN POLICE INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD, JAIPUR**

(Government of Rajasthan Undertaking) CIN NO. U45201RJ2013SGC083014,
Regd. Office : 756, Police Head Quarter, , Lal Kothi, Jaipur (Raj.),
Phone: 0141-2740784, Fax: 0141-2744294, e-mail: rpidcl@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- RPHCCL/469/NIT/2025-26/D-3974 दिनांक :- 27/01/2026

**निविदा सूचना सं. 38/2025-26**

निम्नलिखित कार्यों के लिए राज्य/केन्द्र सरकार के अभियांत्रिकी विभागों/उपक्रमों में समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत योग्य एवं अनुभवी संवेदकों से नियमानुसार बारह माह की डीएलपी के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में 47 कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | रूपये 148.29 लाख |
| निविदा फॉर्म मिलने की तारीख | 28 जनवरी, 2026 प्रातः 9.30 बजे से 04 फरवरी, 2026 सायं 2.00 बजे तक |
| निविदा फॉर्म जमा कराने की तारीख | 04 फरवरी, 2026 सायं 2.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 04 फरवरी, 2026 सायं 4.00 बजे |

निविदा सम्बन्धित जानकारी राजस्थान पुलिस की बेबसाइट www.police.rajasthan.gov.in/ www.sppp.raj.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगी। इच्छुक संवेदको को निविदा संबंधित जानकारी प्रबन्ध निदेशक कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में निविदाओं में संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रेषित किया जावेगा। **UBN No. : RID2526WSOB00556 To RID2526WSOB00602**

राज.संवाद/सी/25/18910 महाप्रबन्धक



**कार्यालय ग्राम पंचायत भावठड़ी**
**पं.स. सूरजगढ़, जिला झुन्झुनूं**

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/205-208 दिनांक:-30.01.2026

ई-निविदा सूचना 05/2025-26

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति सूरजगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत भावठड़ी में अटल ज्ञान केन्द्र का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत भावठड़ी निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मो/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतू ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। जिनकी अनुमानित लागत 9.50 लाख रूपये है के लिये दर अनुवन्ध करने हेतू निम्नानुसार निविदाएँ आमत्रित की जाती है।

| निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|
| 05 | ZJU2526A0705 | ZJU2526WSRC01223 | 2026_RRD_534432-1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत भावठड़ी से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत भावठड़ी
पं.स. सूरजगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत भावठड़ी
पं.स. सूरजगढ़ (झुंझुनू)



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल लोसल जिला – सीकर**

nagarpalika.losal@gmail.com Phone No. :- 01577-275321

क्रमांकः– न.पा.लो./2025–26/3820 दिनांकः– 28.01.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की कार्यवाही आरंम्भ हो चुकी है इसी क्रम स्वायत्त शासन विभाग जयपुर द्वारा दिनांक 12.04.2019 को एक अधिसूचना जारी की गई है जिसके अन्तर्गत निम्न उपविधियों के उल्लघंन में किए गए कृत्यों के लिए मौके पर निम्नानुसार जुर्मना राशि वसूली जायेगी।

| क्र.सं. | कृत्य | जुर्मना राशि |
|---|---|---|
| 1 | दुकानदारों द्वारा कचरा रोड़/गली में डालने पर | 1000/–रू. प्रतिदिन |
| 2 | आवासीय भवनों के निवासियों द्वारा रोड़/गली में कचरा फैलाने पर | 100/–रू. प्रतिदिन |
| 3 | दुकानदारों को बिना कचरा पात्र पाये जाने पर | 750/–रू. प्रतिदिन |
| 4 | बल्क वेस्ट जनरेटर द्वारा कचरे को कचरा पात्र में इकठ्ठा नहीं किया जाने पर | 1000/–रू. प्रतिदिन |
| 5 | बल्क वेस्ट जनरेटर द्वारा जनित्र बायोडिग्रेडेबल वेस्ट को उनके परिसर में उपचारित नहीं किये जाने पर | 5000/–रू. प्रतिदिन |
| 6 | 100 व्यक्तियो से अधिक का आयोजन पर आयोजक द्वारा उक्त स्थान पर उत्पन्न कचरे को पृथक कर अपशिष्ट संग्रहणकर्ता को नहीं सौपने पर | 3000/–रू. प्रति आयोजन |
| 7 | विवाह स्थलों द्वारा बाहर कचरा डालने पर | 5000/–रू. प्रतिदिन |
| 8 | निजी मकान, दुकान इत्यादि के निर्माण के समय अपनी कंस्ट्रक्शन साइट कवर रखना अनिवार्य है | कवर नहीं करने पर नियमानुसार जुर्माना लगेगा |
| 9 | निजी मकान, दुकान इत्यादि के निर्माण का मलबा, निर्माण सामग्री, ईंट, सीमेंट, लोहा, पत्थर सरकारी भूमि पर डालने पर | 1000/–रू. प्रतिदिन |
| 10 | प्लास्टिक कैरी बैग को उपयोग करते पाये जाने पर | 100/–रू. प्रतिदिन |
| 11 | खुले में पैशाब करने पर | 200/–रू. एक बार |
| 12 | खुले में शौच करने पर | 500/–रू. एक बार |
| 13 | खुले में गौबर डालने पर | 5000/–रू. एक बार |
| 14 | अपने मकान भवन का सीवर कनेक्शन नहीं लेकर सीवरेज की गदगी आम नाली/नाले/सड़क में बहाने पर | 5000/–रू. प्रतिदिन |
| 15 | कोई भी व्यक्ति/डी–स्लजिंग ओपरेटर खले में या नाले में शौच/अपशिष्ट निस्तारित नहीं करेगा | नियमानुसार जुर्माना लगेगा |
| 16 | अपने मकानों के गन्दे पानी का निकास आम सड़कों पर करने पर | 5000/–रू. प्रतिदिन |
| 17 | कचरा एवं प्लास्टिक जलाने पर | 500/–रू. प्रतिदिन |

महत्वपूर्ण उपविधियों के अलावा भी अन्य कई उपविधियों को इस अधिसूचना में शामिल किया गया है जिसकी विस्तृत जानकारी स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर वेबसाईट https://Lsg.rajasthan.gov.in/ पर उपलब्ध है।

नोटः– नगर पालिका लोसल द्वारा किये जा रहे घर–घर कचरा संग्रहण हेतु ऑटो टीपर में गीला व सुखा कचरा संग्रहण हेतु अलग–अलग व्यवस्था की गई है आपके घरों में किये जाने वाले गीले व सुखे कचरे को अलग–अलग डस्टबीन में संग्रहीत कर ऑटोटीपर में गीले व सुखे कचरे को अलग–अलग डाले।

राज.संवाद/सी/25/18920 **अधिशाषी अधिकारी**

## वार्षिक उत्सव मनाया




निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** पपूरना की पीएमश्री शहीद भगवान सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर थे। अध्यक्षता संस्था प्रधान राजेश धाबाई ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी संजय देव गुर्जर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, अतिरिक्त निदेशक अशोक जांगिड़, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनुकंपा अरडावतिया, सहायक अभियंता भूप सिंह यादव मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती मूर्ति के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं सरकारी स्कूलों से ही निखर कर आती है सिर्फ उन्हें तराशने की आवश्यकता है। इस दौरान विधायक ने विद्यालय में विज्ञान विषय संकाय खुलवाने एवं अतिरिक्त कक्षा कक्ष के निर्माण और खेल मैदान के विकास की घोषणा की। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में वार्षिक पारितोषिक वितरण किया गए। इस अवसर पर आरपी वीरेंद्र अवाना, प्रभु राजोता, रोहिताश मनकस एवं ग्रामवासी व शाला स्टाफसदस्य उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ अध्यापक सरजीत कुमार एवं अध्यापक अमित चंद ने किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान राजेश धाबाई ने सभी अतिथियों का विद्यालय पधारने पर आभार व्यक्त किया।

## कवि सम्मेलन आयोजित



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर की विवेकानंद चौक के पास वीर सावरकर बस्ती की ओर से साहित्यकार डॉ ओमप्रकाश पचरंगिया मार्ग स्थित डालमियों के नोहरे में चले दो दिवसीय विराट हिंदू सम्मेलन का समापन रविवार रात्रि को कवि सम्मेलन के साथ हुआ। कवि सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कवियों का आयोजन समिति की ओर से भारत माता की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया गया। कवियत्री शशिकिरण ने मां सरस्वती की वंदना की। संचालन करते हुए कवि हरीश हिंदुस्तानी ने वीर भूमि को नमन करते हुए बावलिया बाबा की महिमा का बखान किया। वहीं कवि नगेन्द्र शर्मा ने कविता की काव्यमयी व्याख्या की। उन्होंने हास्य रचनाओं के माध्यम से खूब गुदगुदाया। महेश महाबली ने मैं नमन करूं ई धरती शेखावाटी ने. . .सुनाकर शेखावाटी की विशिष्ट पहचान पर प्रकाश डाला और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी, कवयित्री नीलम वर्मा ने श्रृंगार रस की रचनाओं से ऐसा समां बांधा जिससे दर्शक भाव विभोर हो उठे। वहीं ओजस्वी वीर रस के कवि विवेक पारीक ने लोंगेवाला में युद्ध का चित्रण अपनी कविता के माध्यम से किया तो लोगों का रोम रोम खड़ा हो गया और जोश के बीच लोगों ने खूब भारत माता के जयकारे लगाए। इस दौरान कवि डॉ एलके शर्मा और राजेश कमाल ने भी काव्य प्रस्तुति दी। देर रात्रि तक चले कवि सम्मेलन में दर्शक डटे रहे। आयोजन समिति ने सभी का आभार जताया।

## तापसी पन्नू की फिल्म घूंघट की शूटिंग से नवलगढ़ गूंज उठा

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म घूंघट की शूटिंग के सिलसिले में शेखावाटी क्षेत्र के ऐतिहासिक शहर नवलगढ़ में डेरा जमाए हुए हैं। फिल्म में तापसी पुलिस इंस्पेक्टर दुर्गा की दमदार भूमिका निभा रही हैं और खाकी वर्दी में उनका सख्त व पावरफुल लुक सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। पिछले एक महीने से ज्यादा समय से शूटिंग चल रही है, जिसमें नवलगढ़ के अलावा चिराणा, डूंडलोद, मुकुंदगढ़, लोहार्गल, रामपुरा, मंडावा और रघुनाथपुरा जैसे कई खूबसूरत लोकेशनों का चयन किया गया है। शेखावाटी की प्रसिद्ध हवेलियां, संकरी गलियां और ग्रामीण माहौल फिल्म की पृष्ठभूमि के लिए परफेक्ट साबित हो रहे हैं। लोकल लोगों में बॉलीवुड का यह तड़का देखकर जबरदस्त उत्साह है और कई जगहों पर सेट तैयार किए गए हैं। तापसी पन्नू फिलहाल हुकुमगढ़ पैलेस एंड रिसॉर्ट, चिराना में ठहरी हुई हैं। यहां उन्होंने फैंस के साथ खुलकर फोटो खिंचवाई और नवलगढ़ की खूबसूरत हवेलियों की जमकर तारीफ की। एक्ट्रेस को बुलेट बाइक पर महिला कांस्टेबल के साथ गश्त करते हुए भी देखा गया, जो फिल्म के सीन का हिस्सा है। फिल्म को सोशल थ्रिलर बताया जा रहा है, जिसमें मजबूत संदेश है। तापसी के इस ट्रांसफॉर्मेशन ने फैंस को एक्साइटेड कर दिया है।

# प्रकोष्ठ प्रभारी अपने प्रकोष्ठ के कार्यों के बारे में स्पष्ट रहें, सौंपे गए दायित्वों का करें समुचित निर्वहन : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में पंचायतीराज एवं नगर निकाय आम चुनाव-2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर पूर्व तैयारियों के क्रम में विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी सुराणा ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाए- पेयजल, छाया, रैंप, प्रकाश व्यवस्था एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की एनालिसिस करें। सभी प्रकोष्ठ प्रभारी निर्धारित दायित्वों की अक्षरशरू पालना करें और समयबद्ध ढंग से सभी गतिविधियां संपादित हों। सभी प्रकोष्ठ प्रभारी अपने प्रकोष्ठ के कार्यों के बारे में स्पष्ट रहें तथा सौंपे गए दायित्वों का समुचित निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि को राज्य निर्वाचन आयोग के दशा-निर्देशों के अनुसार समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने मतदाता सूची के अद्यतन, नामांकन प्रक्रिया, मतदान दलों के गठन, प्रशिक्षण कार्यक्रम, ईवी, मध्मतपेटी प्रबंधन, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, आदर्श आचार संहिता की पालना, शिकायत निवारण, मीडिया मॉनीटरिंग एवं प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ की सक्रियता तथा मतदान सामग्री के वितरण एवं संग्रहण आदि कार्यों के बारे में प्रकोष्ठ प्रभारियों से चर्चा की और दायित्वों के समुचित निर्वहन के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बैठक का संचालन करते हुए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से लेकर मतगणना तक की प्रक्रिया के दौरान प्रकोष्ठ प्रभारियों के दायित्व तथा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की चर्चा की और प्रकोष्ठ प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने सामान्य प्रकोष्ठ निर्वाचन शाखा, आरक्षण निर्धारण प्रकोष्ठ, नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति प्रकोष्ठ, मतदान दल व मतगणना दलों के गठन प्रकोष्ठ, जोनलध् सेक्टरध् एरिया मजिस्ट्रेट की नियुक्ति संबंधी प्रकोष्ठ, कानून व व्यवस्था प्रकोष्ठ, यातायात, प्रशिक्षण, सामान्य लेखा निर्वाचन, निर्वाचन स्टोर, यात्रा भत्ता, पीओएल, आचार संहिता, मतपत्र मुद्रण व ग्रीन पेपर सील इत्यादि वितरण प्रकोष्ठ, अभ्यर्थियों को चुनाव प्रचार हेतु स्थान आवंटन करने संबंधी प्रकोष्ठ, वीडियोग्राफी, मीडिया एवं प्रचार-प्रसार, अवकाश स्वीकृति, पेड न्यूज मॉनीटरिंग, चुनाव संपन्न होने के बाद सामग्री एवं बैलेट बॉक्सध् ईवीएम व प्राप्ति व सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना व्यवस्था, अल्पाहार व भोजन व्यवस्था प्रकोष्ठ, सांख्यिकी सूचना, पर्यवेक्षक, रूटचार्ट चैकपोस्ट, डाक मतपत्र, नियंत्रण कक्ष, सामान्य व्यवस्था, निर्वाचन व्यय, अनुवीक्षण, ईवीएमए भौतिक सत्यापन कमेटी, दिव्यांग मतदाता सुविधा प्रकोष्ठ तथा पंचायत समिति स्थानीय निकाय स्तर पर व्यवस्था हेतु प्रकोष्ठ आदि के बारे में समुचित जानकारी देते हुए विस्तृत निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर सहित संबंधित प्रकोष्ठ प्रभारी मौजूद रहे।

# जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगा केन्द्रीय बजट 2026-27 : सीआर चौधरी

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** राजस्थान किसान सेवा आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी सोमवार को चूरू दौरे पर रहे। इस दौरान जिला मुख्यालय पर सर्किट हाउस में उन्होंने केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अमृत काल में निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। केंद्रीय बजट 2026-27 देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास तथा युवा व महिला सशक्तीकरण के साथ रोजगार की नई संभावनाओं पर फोकस किया गया है। केन्द्रीय बजट देश को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाते हुए आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के संकल्प को साकार करने वाला है। यह बजट भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थवयवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्पित प्रयास है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। बजट में जनता की सरकार से अपेक्षाओं को लक्षित किया गया है। बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं के सशक्तीकरणत के साथ विनिर्माता इकाईयों व सूक्ष्म उद्योगों को प्रोत्साहन के साथ स्थाई रोजगार के अवसरों को शामिल किया गया है। चौधरी ने कहा कि बजट में एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट एंड इन्टरप्रेन्योरशिप पर फोकस किया गया है। केन्द्रीय बजट श्राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ रक्षा, कृषि, युवा व महिलाओं के कल्याण के साथ विकास को समर्पित है। महिला सशक्तीकरण हेतु एसएचई सेल्फ हेल्प इन्टरप्रेन्योर जैसे कार्यक्रम पर विशेष फोकस किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट से एमएसएमई सेक्टर मजबूत होगा और रोजगार क्षेत्र का उन्नयन होगा। इसी के साथ कैंसर व गंभीर रोगों की दवाइयां व इलाज सुलभ होगा। बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर में वृद्धि, इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट, सुदृढ़ जलमार्ग, रेलमार्ग, सड़क व परिवहन, चिकित्सा सुविधाओं के उन्नयन और चिकित्सकीय स्टाफके प्रशिक्षण, औद्योगिक कॉरिडोर में यूनिवर्सिटी व कॉलेजों के विकास से रोजगार संभावनाओं में वृद्धि, पर्यटन विकास व रोजगार में वृद्धि, अमृत सरोवरों में मत्स्य पालन जैसे कार्य शामिल होने से अंतिम लक्षित व्यक्ति तक सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी। चूरू विधायक हरलाल ने बजट को जनकल्याणकारी बताते हुए कहा कि इससे सुविधाओं के विस्तार के साथ रोजगार संभावनाएं बढ़ेंगी। बजट में युवा शक्ति, महिलाओं और आमजन की आकांक्षाओं को पूरे करने और उनकी क्षमता वृद्धि को केन्द्रबिन्दु में रखा गया है। यह बजट मध्यम वर्ग और किसानों के लिए लाभकारी साबित होगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में विकास कार्यों, प्रदेश व केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्विति की जानकारी दी। इस अवसर पर बसंत शर्मा, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, नरेन्द्र सैनी, आकाश सैनी, श्रीराम पीपलवा, नीरज जांगिड़,कपिल चंदेल, राकेश शर्मा, नितिन बुंदेला, मदन गोपाल बलान, नोमान खान, भारत पारीक, कपिल रक्षक, पवन गुर्जर, रजत शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## विराट हिंदू सम्मेलन आज



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में गांधी बस्ती ओर से आज आचार्य का मोहल्ला आचार्य चोक में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य हिंदू समाज की एकता, सनातन संस्कृति की रक्षा, सामाजिक समरसताऔर राष्ट्र भक्ति की भावना को मजबूत करना है। रविवार को इस सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भोला बाबा बगीची के संत सुरजीत नाथ महाराज के कर-कमलों से किया गया। संत सुरजीत नाथ महाराज ने पोस्टर का अनावरण करते हुए कार्यक्रम की सफलता की कामना की और सभी से सपरिवार इसमें भाग लेने आह्वान किया। इस मौके पर ललित दाधीच एख्यालीराम रैगर, सुभाष शर्मा, एडवोकेट रोहित मारू, रामोतार पाण्डे भी मौजूद रहे। साथ ही डोर टू डोर अभियान के तहत घर घर निमंत्रण पत्र व पीले चावल देकर निमंत्रण दिया जा रहा है।

हिन्दू सम्मेलन को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। इस अवसर पर रामलाल खटीक, रतनलाल बारूलाल, शिवभगवान सोनी सहित अन्य हिन्दू समाज के व्यक्ति संपर्क अभियान में मौजूद रहे। सम्मेलन में संत सुरजीत नाथ, रुद्र नाथ महाराज, नंदीनाथ महाराज सहित अनेकों संतो का सानिध्य मिलेगा। सम्मेलन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।

## स्वर्णकार समाज ने सौंपा ज्ञापन



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** मैढ़ स्वर्णकार समाज सेवा लाडनूं के तत्वाधान में मकराना में स्वर्णकार व्यवसायी के शोरूम में दो करोड़ की हुई चोरी के संम्बन्ध में कार्यवाही के साथ लाडनूं के व्यापारी मनोज सोनी के साथ हुई लूट के अपराधियों का अबतक खुलासा नहीं होने से नाराज समाज के लोगों ने तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने की चैतावनी दी है। ज्ञापन में बताया कि 28 जनवरी 2026 को मकराना में स्वर्णकार व्यवसायी के व्यापारिक प्रतिष्ठान पर दो करोड़ के जेवरात की चोरी हो गई थी, जिसके संबंध में मकराना थाने में मामला दर्ज है मगर अबतक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। साथ ही लाडनूं पुलिस थाना में दर्ज लूट प्रकरण को करीब चार माह बीत जाने पर भी अपराधियों का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस और प्रशासन की इस शिथिलता के कारण सभी ज्वेलर्स असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

समाज के लोगों ने आगामी दो दिन में दोनों मामलों में कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं होने पर बुधवार 04 फ़रवरी से डीडवाना जिला मुख्यालय पर धरना.प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

# प्रतिभाओं को निखरने के सुअवसर प्रदान करें : इंदौरिया

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** प्रतिभाओं में निखार लाने के लिए उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाना और प्रदर्शन के समुचित अवसर उपलब्ध करवाना अति आवश्यक है।

ये विचार चूरू जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहा में खेल, शिक्षा एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं के अभिनंदन हेतु आयोजित समारोह में व्यक्त किए। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से शुरू हुए समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक इंसार अली ने जीवन निर्माण में खेल का महत्व समझाते हुए कहा कि खेल के माध्यम से धैर्य, अनुशासन, आपसी सहयोग जैसे संस्कार स्वत: उत्पन्न होते हैं। जिला हैंडबॉल संघ सचिव रवि प्रकाश गौड ने खिलाड़ियों की उपलब्धि को अविस्मरणीय बताया। समारोह अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद कुलदीप व्यास ने विद्यार्थियों, विद्यालय स्टाफ व प्रधानाचार्या के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उत्कृष्ट परिणाम की निरंतरता बनाए रखने का आह्वान किया।

इस अवसर पर 69 वीं राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली भावना और मोनिका तथा राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने वाली और जिला स्तरीय विजेता व उपविजेता, राज्य स्तरीय युवा महोत्सव प्रतिभागी व 10 वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों तथा शिक्षक आशीष लाटा का स्मृति चिह्न, दुपट्टा और साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया।

सरपंच भंवरलाल पूनिया, उप सरपंच ओमप्रकाश बुडानिया, भामाशाह जगदीश प्रसाद स्वामी, समाजसेवी हरिराम बुडानिया आदि ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भेंटकर उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या शीला सोनी ने इस सफलता का श्रेय साईं कोच सुमन पुनिया और पीटीआई महेंद्र सिंह व अनुजा विश्नोई तथा खिलाड़ियों द्वारा मैदान पर किए गए निरंतर अभ्यास को दिया। समस्त ग्रामवासियों तथा चूरू जिला हैंडबॉल संघ की ओर से विद्यालय और विद्यार्थी हित में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रधानाचार्या शीला सोनी का माल्यार्पण, शॉल, साहित्य भेंटकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में भंवरलाल नाई, जितेंद्र प्रजापत, भोपाल सिंह, राजेश कड़वासरा, रामचंद्र पूनिया, इदरीश मनियार, नेशनल प्लेयर प्रियंका कंवर, सिकंदर मनियार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। संचालन विशाखा इंदौरिया ने किया।

# कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत धरना-प्रदर्शन

जयशंकर जांगिड़




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** केंद्र की बीजेपी सरकार ने जब से मनरेगा का मूल स्वरूप व नाम बदला है तब से पूरे देश भर में कांग्रेस केंद्र सरकार के खिलाफ मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत लगातार धरने प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्ट्रेट पर मण्डावा विधायक व जिलाध्यक्ष रीटा चौधरी के नेतृत्व में धरना आयोजित किया गया। रीटा चौधरी ने कहा कि मनरेगा योजना का मूल स्वरूप बदलकर काम के अधिकार को खत्म करना चाहती है परंतु कांग्रेस पार्टी जनता के लिये संघर्षरत है। मनरेगा श्रमिकों के हितों के लिए कांग्रेस लगातार बीजेपी की इस साजिश को नाकामयाब करने के लिए लगातार विरोध कर रही है। मनरेगा योजना में पहले केंद्र व राज्य का हिस्सा 90:10 होता था उसे कम करके 60:40 कर दिया है। राज्यों पर पहले से ही वित्तीय बोझ है ऐसे में मनरेगा का और अतिरिक्त वित्तीय भार थोंपा जा रहा है। साथ बीजेपी के लोग 125 दिन काम की गारण्टी की बात कहकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं क्योंकि आँकड़ों के अनुसार औसतन 55-60 दिन ही रोजगार मिला है। साथ ही काम कहाँ किया जाना है इसका निर्णय केंद्र द्वारा किए जाने प्रावधान भी सही नहीं है क्योंकि केंद्र के लोगो को इस बात की व्यावहारिक जानकारी नहीं हो सकती कि अमुक पंचायत में काम करवाना चाहिए और जिन राज्यों में बीजेपी की सरकार नहीं होगी या बीजेपी विरोधी सरकार होगी वहाँ काम ही नहीं कराये जायेंगे। महात्मा गांधी का नाम हटाकर गोडसे के अनुयायी बीजेपी के ये लोग गांधी को राष्ट्रीय चेतना से हटाने की नाकाम कोशिश कर रही है। मनरेगा को विफलता की स्मारक बताने वाले लोगों को आज इसे विजन 2047 में शामिल करना चाह रहा है जिससे ये बीजेपी के लोग इसका श्रेय ले सकें। ये चाहतें है कि हम मनरेगा श्रमिकों को कांग्रेस द्वारा लाए गए काम के अधिकार के कानून को खत्म कर देंगे लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी और सड़क से सदन तक मनरेगा को बचाने के लिए लड़ाई लड़ेंगे। जिला प्रवक्ता और ओबीसी कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष सन्तोष सैनी ने बताया कि इस दौरान पीसीसी सदस्य सलीम सिगड़ी, पीसीसी सदस्य पूर्व प्रधान शेरसिंह नेहरा, पूर्व जिलाधयक्ष सज्जन मिश्रा, एससी प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ हरिसिंह साँखला, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राहुल जाखड़, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष धर्मपाल खेदड़, एससी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अमर सिंह धीरज, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एड नवीन सैनी, पंचायती राज संगठन प्रदेश सचिव राजकुमार राठी, सेवादल जिलाध्यक्ष हारून लालपुर, डीसीसी के निवर्तमान उपाध्यक्ष जगदीश पूनियां, महासचिव आकाश चौधरी, यूनुश गौरी, सचिव श्रीचंद झाझड़िया, मनोहर बाकोलिया, प्रवक्ता शाहबाज फारूकी, मंडावा चेयरमैन नरेश सोनी, बिसाऊ चेयरमैन मुश्ताक,बिसाऊ वाईस चेयरमैन रामगोपाल सैनी, जिला परिषद सदस्य विनीता रणवाँ, महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मधु खन्ना, झुंझुनू ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली, गिडानिया ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर महला, मुकुँदगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश मेघवाल, मंडावा ब्लॉक अध्यक्ष किरोड़ीमल पायल, अलसीसर ब्लॉक अध्यक्ष यज्ञपाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष तैयब अली, मोहर सिंह सोलाना, बिसाऊ नगर कांग्रेस अध्यक्ष अयूब, मण्डल अध्यक्ष मुमताज अली, राकेश राहड़, शीशराम, अजयपाल, शंकर कपूरिया, जगदीश प्रसाद, कैप्टेन मोहनलाल, लक्ष्मण सैनी, विश्वंभर पूनिया, प्यारेलाल तेतरवाल, शीशराम बुगलिया, ख्यालीराम, परमेन्द्र सरपंच महावीर प्रसाद, अनिल कटेवा, एससी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रविदत्त गुरु, महासचिव रामस्वरूप आसलवासिया, सचिव कृष्ण चावला, सत्यनारायण सहित सैंकड़ों कांग्रेस जन इस दौरान मोजूद रहे।

## स्वामी कृष्ण गिरी बने गौशाला संघ तहसील इकाई के अध्यक्ष



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** गौ शाला संघ तहसील इकाई कि बैठक बाबा रामदेव प्रांगण मे बाबुलाल जांगिड़ की अध्यक्षा मे हुई। बैठक में तहसील की गौशालाओं मे आ रही समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई।

बैठक में स्वामी कृष्ण गिरी ने बताया कि गावो कि गो शाला मे जानकारिया ना होने से व अधिकारियों की मनमानी के कारण आरही अनुदान समन्धी समस्याओं का निवारण उच्च अधिकारियों से कर करेंगे व गौ शालाओ कि प्रगति और उथान व गो शरक्षणं सवर्धन का कार्य निरंतन करते रहेगें। बैठक में तहसील संघ की नई कार्यकारणी का निर्वाचन हुआ जिसमे स्वामी कृष्ण गिरी महात्मा आश्रम को अध्यक्ष, मालचन्द शर्मा साहवा सचिव, शिवरतन पारिक पुनसीसर सह सचिव, सोहनलाल शर्मा भनिन उपाध्यक्ष व च्यानानमल को कोषाध्यक्ष सर्व सम्मति से चुना गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190